दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 187 | सीकर, रविवार 06 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

बाल विवाह के खिलाफ अभियान को मिली बड़ी वैश्विक पहचान

27 नवंबर को दुनिया मनाएगी अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। बाल विवाह के खिलाफ चल रहे अभियान को बड़ी अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 27 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस घोषित किया है। यह फैसला बाल विवाह, कम उम्र में विवाह और जबरन विवाह को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खास बात यह है कि 27 नवंबर 2024 को भारत सरकार ने इसी दिन देशव्यापी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। प्रेसवार्ता में एक्सेस टू जस्टिस परियोजना की जिला समन्वयक चैतना शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की 27 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित होने से बाल विवाह रोकथाम और जागरूकता के लिए पिछले चार वर्षों से किए जा रहे प्रयासों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे टीम को आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन रिभु ने मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में इस दिवस की घोषणा के लिए पहल की थी।

झुंझुनूं सहित 6 जिलों में काम

कार्यक्रम उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन देशभर में बाल विवाह रोकथाम के लिए काम कर रहा है। राजस्थान महिला कल्याण मंडल इसकी सदस्य संस्था है और अजमेर, बीकानेर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, चूरू और झुंझुनूं जिलों में जागरूकता एवं रोकथाम का काम कर रहा है।

झुंझुनूं सहीत छह जिलों में आठ अजार बाल विवाह रोकने में मदद

जेआरसी नेटवर्क के माध्यम से देशभर में करीब 5.50 लाख बाल विवाह रोकने में मदद की गई है। वहीं राजस्थान महिला कल्याण मंडल ने पिछले चार वर्षों में इन 6 जिलों में करीब 8 हजार संभावित बाल विवाह रुकवाए और 10 लाख से अधिक लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

भाजपा प्रत्याशी पर 2017 के मुकदमे की जानकारी छिपाने का आरोप

वार्ड 8 से सुमन पूनियां के खिलाफ शिकायत, नामांकन पत्र में प्रकरण का उल्लेख नहीं करने का दावा, निर्वाचन अधिकारी से जांच व कार्रवाई की मांग।

निसं

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 8 से भाजपा प्रत्याशी सुमन पूनियां पत्नी कुलदीप पूनियां को लेकर एक शिकायत सामने आई है। मामले को लेकर खाना खजाना में हुई प्रेसवार्ता में रामस्वरुप गजराज ने पत्रकारों चर्चा करते हुए आरोप लगाया है कि प्रत्याशी के खिलाफ वर्ष 2017 में दर्ज एक मुकदमे की जानकारी नामांकन पत्र में नहीं दी गई। प्रेसवार्ता करने वालों का कहना हैं कि मामले को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी शिकायत कर जांच कराने तथा नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2017 में दर्ज प्रकरण गरीबों को वितरित किए जाने वाले बीपीएल-अंत्योदय गेहूं और केरोसीन से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार प्रकरण में करीब 122 क्विंटल गेहूं के गबन तथा 2033 लीटर केरोसीन की कालाबाजारी के आरोप हैं। उनका कहना है कि यह मामला वर्तमान में झुंझुनूं न्यायालय में विचाराधीन है और अगली सुनवाई 4 नवंबर 2026 को निर्धारित है।

नामांकन में जानकारी नहीं देने का आरोप-शिकायतकर्ताओं का कहना है कि प्रत्याशी के नामांकन पत्र में आपराधिक प्रकरण से संबंधित जानकारी दर्ज करने के लिए निर्धारित कॉलम में उक्त मुकदमे का उल्लेख नहीं किया गया। उनका आरोप है कि यदि प्रकरण लंबित है तो नियमानुसार उसकी जानकारी नामांकन के दौरान दी जानी चाहिए थी। इसी को लेकर शिकायतकर्ताओं ने निर्वाचन अधिकारियों से पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि नामांकन पत्र में प्रकरण की जानकारी नहीं दिए जाने की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

नवयत्न कोबरी पोस्ट



पार्षद बने नहीं, सभापति की चर्चा शुरू

लेकिन पहले वार्ड जीतने की चुनौती, कहीं जनता वार्ड में ही रोक न ले

निर्दलीयों की रहेगी भूमिका अहम...

सभापति की कुर्सी पर नजर

कासं

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर परिषद चुनाव में अभी पार्षद बनने की परीक्षा बाकी है, लेकिन शहर के राजनीतिक गलियारों में कई संभावित दावेदारों को लेकर सभापति की कुर्सी की चर्चा शुरू हो गई है। वार्डों में चुनावी समीकरणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि सभापति बनने का सपना देख रहे दावेदार पहले अपने वार्ड में मतदाताओं का भरोसा जीत पाएंगे या नहीं। झुंझुनूं के 60 वार्डों में चुनावी तस्वीर धीरे-धीरे साफ होने लगी है। वार्डों में मतदाताओं का मूड टटोलने पर पार्षद से लेकर बोर्ड गठन तक के अलग-अलग राजनीतिक गणित सामने आ रहे हैं। खास बात यह है कि कई मतदाता अभी से संभावित सभापति के पक्ष-विपक्ष में आंकड़े जोड़ने लगे हैं। मानो चुनाव परिणाम आने से पहले ही बोर्ड की तस्वीर तैयार की जा रही हो।

टिकट वितरण पर भी उठ रहे सवाल

चुनावी चर्चाओं में वार्ड नंबर 49 का टिकट भी खास चर्चा में है। यहां झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम्बू के दामाद मनु धनकड़ को भाजपा का टिकट मिलने के बाद स्थानीय राजनीति में इसके नफा-नुकसान को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि इसका वास्तविक असर चुनाव परिणाम आने के बाद ही सामने आएगा। वहीं कांग्रेस खेमे में सांसद बृजेन्द्र ओला की शहरी चुनाव को लेकर सक्रियता को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं हैं। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं की सक्रियता चुनावी मुकाबले में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

19 वार्डों में भाजपा का प्रत्याशी नहीं, 9 में कांग्रेस मैदान से बाहर

60 वार्डों के चुनाव में भाजपा ने 19 वार्डों में प्रत्याशी नहीं उतारे हैं, जबकि कांग्रेस भी 9 वार्डों में चुनावी मुकाबले में नहीं है। ऐसे में कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए मुकाबला दिलचस्प हो गया है। यही कारण है कि बोर्ड गठन के गणित में निर्दलीयों की भूमिका इस बार महत्वपूर्ण मानी जा रही है। एक ओर कुछ मतदाताओं का मानना है कि भाजपा पार्षद जिताकर सबसे बड़े दल के रूप में सामने आ सकती है। हालांकि बहुमत से पीछे रहने की स्थिति में बोर्ड बनाने के लिए निर्दलीय पार्षदों का समर्थन जरूरी हो सकता है। दूसरी ओर राजनीतिक जानकारों का एक वर्ग भाजपा के टिकट वितरण को लेकर नाराजगी का हवाला देते हुए कांग्रेस और निर्दलीयों को इसका फायदा मिलने का अनुमान लगा रहा है।

फैसला वार्ड की जनता करेगी

फिलहाल वार्डों में चुनावी माहौल गर्माने लगा है। किस पार्टी को कितने पार्षद मिलेंगे, निर्दलीय कितनी संख्या में जीतकर आएंगे और बाद में किसके साथ खड़े होंगे-इसी पर सभापति की कुर्सी का असली गणित तय होगा। अभी दावेदार सभापति की कुर्सी के आंकड़े जोड़ रहे हैं, लेकिन फैसला वार्ड की जनता करेगी। पहले पार्षद बनना होगा, उसके बाद ही सभापति की कुर्सी तक पहुंचने की राह खुलेगी।

रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट से इलाज में नई सुविधा, सर्जरी में बढ़ी सटीकता

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। घुटनों और जोड़ों के दर्द से परेशान मरीजों के लिए आधुनिक चिकित्सा तकनीक राहत की उम्मीद बन रही है। सीके बिरला हॉस्पिटल्स, जयपुर में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट तकनीक के जरिए मरीज की जरूरत के अनुसार अधिक सटीक तरीके से सर्जरी की जा रही है। इससे गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस और जॉइंट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को आधुनिक उपचार उपलब्ध हो रहा है। झुंझुनूं के हवेली होटल में सीके बिरला हॉस्पिटल्स जयपुर और लायंस क्लब झुंझुनू के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ अवेयरनेस टॉक एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान ऑर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विभाग के निदेशक डॉ. अरुण परतानी ने प्रेस

वार्ता में रोबोटिक सर्जरी और आधुनिक उपचार के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में लायंस क्लब झुंझुनू अध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ. डीएन तुलस्यान, सचिव एमजेएफ लायन रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, प्रथम उपाध्यक्ष शिवकुमार जांगिड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।

3डी तकनीक से सर्जरी की योजना-डॉ. परतानी ने बताया कि रोबोटिक तकनीक की मदद से मरीज की शारीरिक संरचना के अनुसार 3डी प्लानिंग की जाती है। इससे इम्प्लांट की फिटिंग और अलाइनमेंट को अधिक सटीक बनाने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि जोड़ों के दर्द को उम्र का सामान्य असर मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। सीढ़ियां चढ़ने, बैठने या चलने में परेशानी होने पर समय पर जांच कराना जरूरी है।

एक ही जगह जांच से पुनर्वास तक सुविधा

अस्पताल में प्राथमिक जांच, सर्जरी, ऑपरेशन के बाद की देखभाल और रिहैबिलिटेशन की सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। डॉ. परतानी के पास यूरोप, मिडिल ईस्ट और रूस में रोबोटिक एवं जटिल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का अनुभव है।

झुंझुनूं तक पहुंचाएंगे स्वास्थ्य सेवाएं

सीके बिरला हॉस्पिटल्स के रिटेल हेड शांतनु सिंह और मार्केटिंग मैनेजर शिवपाल रनवा ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य जयपुर के साथ राजस्थान के अन्य जिलों में भी आधुनिक चिकित्सा और स्वास्थ्य जागरूकता पहुंचाना है।

मातेश्वरी वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीबी मोदी पब्लिक स्कूल ने मारी बाजी

झुंझुनूं (नवयत्न)। श्री राणी सतीजी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय 54वीं मातेश्वरी वाद-विवाद प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। इसमें जिले की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय 'क्या महिला आरक्षण बिल राष्ट्रहित में है?' रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय शिक्षा संयोजक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ताराचंद जालान ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि रामचन्द्र पंसारी तथा विशिष्ट अतिथि जे.बी. शाह गर्ल्स कॉलेज, झुंझुनूं की प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा रहीं। मुकेश कुष्णियां, सुशीला एवं डॉ. गोपाल शर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में जी.बी. मोदी पब्लिक स्कूल, झुंझुनूं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर चल-वैजयन्ती, कप एवं आकर्षक पुरस्कार जीते। वहीं श्री राणी सतीजी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय स्थान पर रहा और उसे कप प्रदान किया गया। व्यक्तिगत वक्ताओं में प्रथम स्थान निकिता शर्मा, द्वितीय स्थान अनव्या जैन तथा तृतीय स्थान तनिष्का चौधरी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान

किए गए। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन ज्योति पुरोहित ने किया। कार्यक्रम प्रभारी धारा गौड़ एवं रचना सोनी रहीं। इस अवसर पर मंदिर बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज एवं विद्यालय शिक्षा संयोजक ताराचंद जालान, मंदिर बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के विवेक एस. रूईया, रमेश पाटोदिया, विद्यालय सचिव लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रधानाचार्या मधु शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

मटकी फोड़ में ताजवीर और गुब्बारा फोड़ में कर्ण सेन रहे अव्वल

अनार मुखी मोहल्ले में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी, कृष्ण जन्म के बाद मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

बुगाला (नवयत्न)। अनार मुखी मोहल्ले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के लिए मंच को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया। बच्चों और युवाओं के लिए गुब्बारा फोड़ व मटकी फोड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता में कर्ण सेन और मटकी फोड़ प्रतियोगिता में ताजवीर जांगिड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

लोहार्गल में 24 कोसीय परिक्रमा शुरू, सूर्यकुंड में स्नान -पूजा के बाद ठाकुरजी की पालकी के साथ उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

ओमप्रकाश सैनी

नवलगढ़ (नवयत्न)। अरावली की वादियों में शनिवार को लोहार्गल धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सूर्यकुंड में स्नान और भगवान सूर्यनारायण की पूजा-अर्चना के बाद सवा चार बजे मालकेतु की 24 कोसीय परिक्रमा शुरू हुई। ठाकुरजी की पालकी के साथ करीब 200 साधु-संत परिक्रमा की अगुवाई करते हुए रवाना हुए। जयकारों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल हुए। परिक्रमा शुरू होने से पहले लोहार्गल सूर्य मंदिर में भगवान सूर्यनारायण का अभिषेक किया गया और महाआरती हुई। सूर्यकुंड गौमुख के पास ठाकुरजी की पालकी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद पालकी को सूर्यकुंड की परिक्रमा कराई गई और यात्रा रवाना हुई। परिक्रमा में दयालदास महाराज, गणेशदास महाराज, बलबीरदास जेरठी, भोमदास महाराज, राजेश्वरीदास, रामआधार दास, विशमेशदास महाराज, गिरिदास महाराज, कमलदास महाराज, आनंददास, सुरेंद्रदास, श्यामदास, कल्याणदास और राजूदास सहित कई संत-महंत शामिल हैं।

पहला पड़ाव किरोड़ी धाम

सूर्यकुंड से यात्रा गोल्याणा के शिव गोरां मंदिर, चिराणा के चारभुजा मंदिर और चिराणा घाटी होते हुए किरोड़ी धाम पहुंची। यहां पंचमुखी बालाजी मंदिर में पालकी और साधु-संतों ने रात्रि विश्राम किया। श्रद्धालुओं ने भी मंदिर परिसर में पड़ाव डाला।

आज शाकंभरी धाम जाएगी यात्रा

रविवार सुबह श्रद्धालु किरोड़ी धाम के पवित्र जलकुंडों में स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे कोट बांध होते हुए सिद्धपीठ शाकंभरी धाम के लिए परिक्रमा रवाना होगी।

किरोड़ी धाम की पौराणिक पहचान

किरोड़ी धाम को पौराणिक काल में करकोटिका के नाम से जाना जाता था। धार्मिक मान्यता के अनुसार नागवंश के राजा करकोटक ने यहां भगवान शिव की उपासना कर शिवलिंग स्थापित किया था। उन्होंने हनुमानजी का मंदिर भी बनवाया था। दोनों मंदिर आज भी मौजूद हैं।

करीब 400 साल पुराना गिरधारीजी मंदिर

किरोड़ी धाम में गिरधारीजी का प्राचीन मंदिर भी है। इसमें भगवान कृष्ण के गिरिधर स्वरूप के साथ राधाजी की प्रतिमा स्थापित है। मान्यता के अनुसार विक्रम संवत 1684 में अक्षय तृतीया के दिन मंदिर निर्माण शुरू करवाया गया था।

श्याम में रंगा कॉपर, धुमधाम से मनाई जन्माष्टमी

निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। केसीसी टाउनशीप जन्माष्टमी पर्व पर श्याम के रंग में रंग गया। शुक्रवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धांलुओं की भीड़ जमा होने लगी।

केसीसी के सनातन धर्म मंदिर व थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव धुमधाम से मनाया गया। सनातन धर्म मंदिर में केसीसी कार्यपालक निदेशक पुरषोतमदास बोहरा, पुनम धर्मपाल गुर्जर, विपिन शर्मा, सुलक्षणा शर्मा, समिति अध्यक्ष सवाईसिंह सिराधना, महामंत्री अभिषेक पारीक, उपाध्यक्ष राजेश डाढेल, समाज सेवी हरीराम गुर्जर, बबलू अवाना मुख्य यजमानी में जन्माष्टमी पर्व का शुभारंभ किया गया।

अतिथियों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जन्माष्टमी पर्व पर संजय जिदंड़ के सानिध्य में कृष्णलीला व जीवंत झांकिया सजाई गई। इस दौरान बाल गोपाल द्वारा करीब 21 फिट ऊंची दही हांडी फोडने का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। इसी कड़ी में थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वाधान में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर कृष्ण लीला का मंचन किया गया साथ ही सुभाष मार्केट स्थित गायत्री मंदिर, शिव धर्मशाला सहित आदि मंदिरों में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। सनातन धर्म मंदिर में बारह बजे पंडित विश्वबंरदयाल ने हनुमान मंदिर में पंडित सुभाष शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर सैंकड़ो श्रद्धांलूओं को प्रसाद वितरण किया गया।

नोखा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम की छापेमारी, कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

निसं

नोखा (नवयत्न)। खाद्य पदार्थों में मिलावट और दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नोखा कस्बे में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। टीम ने करीब आधा दर्जन प्रतिष्ठानों पर जांच की तथा खाद्य सामग्री के सैंपल लिए। कार्रवाई के दौरान 318 लीटर कुकिंग फूड पाम ऑयल की तरह मिले तेल को जब्त किया गया। वहीं जांच के दौरान करीब 50 किलो दूषित मिठाई मिलने पर उसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जैन रेस्टोरेंट, शर्मा मिठाई, शर्मा डेयरी तथा श्याम केमिकल सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, निर्माण एवं भंडारण व्यवस्था तथा इस्तेमाल किए जा रहे खाद्य तेल की स्थिति की जांच की गई। विभागीय टीम ने कुकिंग फूड, मिठाई, दूध, दही, जलेबी, मावा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए हैं। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

50 किलो दूषित मिठाई नष्ट

जांच के दौरान खराब एवं दूषित स्थिति में मिली करीब 50 किलो मिठाई को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन करने की चेतावनी दी।

मिलावटखोरों को सख्त संदेश

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से साफहै कि त्योहारों एवं बढ़ती खाद्य मांग के बीच मिलावटखोरी पर विभाग की नजर है। राजस्थान में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को चेताया कि मिलावटी अथवा खराब खाद्य सामग्री बेचकर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टीम में ये अधिकारी रहे शामिल

छापेमारी की कार्रवाई में अफएस ओ भानुप्रताप, सुरेंद्र सिंह और राकेश कुमार टीम में शामिल रहे। टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए और संदिग्ध सामग्री को जब्त/नष्ट करवाया। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से नोखा के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप है। वहीं आमजन ने भी विभाग की कार्रवाई का स्वागत करते हुए मिलावटखोरी के खिलाफ इस तरह की जांच नियमित रूप से जारी रखने की मांग की है।

घर में घुसकर हमला करने के आरोप में ढाई माह से फरार चल रहे चार आरोपी गिरफ्तार

निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। ढाई माह पूर्व खरकड़ा गांव में घर में घुस कर जानलेवा हमला करने के आरोप में फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल दो नाबालिगों को निरूद्ध किया गया है। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि खरकड़ा निवासी श्योपाल किर ने थाने में रिपोर्ट दीए रिपोर्ट में बताया कि 24 जून की रात को कीरों की ढाणी तन खरकड़ा निवासी सांवरमल, भोलाराम, मोहित, विजेंद्र उर्फ कालिया, धन्नी और सरोज, 5-7 अन्य साथियों के साथ मुंह पर कपड़ा बांधकर घर में घुस कर लाठी, सरियो से जानलेवा हमला कर दिया। उक्त लोगों ने पीडित श्योपाल के घर पर पत्थर फेंके और अंदर घुस कर लाठी, लोहे के सरिये, कुल्हाड़े और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने टिम का गठन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम निर्देश दिए। थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। मुखबीर के जरीए सूचना मिली की उक्त आरोपी कीरों की ढाणी तन खरकड़ा में छुपे हुए है। टीम दबिस देकर भोलाराम, सरोज, सांवरमल और मोहित को कीरों की ढाणी तन खरकड़ा से गिरफ्तार किया। साथ ही दो बाल किशोरों को निरूद्ध कर बाल संप्रेषण ग्रह भेजा गया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, एएसआई जगरूप सिंह, हेड कॉन्स्टेबल संदीप, अनिल, रिशाली, कॉन्स्टेबल सुरेश कुमार और रणवीर सिंह शामिल थे।

एसबीएन पी.जी. कॉलेज में शिक्षक दिवस पर गुरु-शिष्य परंपरा का हुआ भावपूर्ण सम्मान

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। शिक्षक दिवस के अवसर पर एसबीएन पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह, सम्मान और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा को रेखांकित किया। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न प्रस्तुतियां एवं विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान देने वाले नही, बल्कि जीवन में सही दिशा, अनुशासन, संस्कार और लक्ष्य प्राप्ति की प्रेरणा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि एक विद्यार्थी के व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षक की भूमिका सदैव सर्वोपरि रहती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। शिक्षक अपने ज्ञान और अनुभव से विद्यार्थियों को न केवल बेहतर नागरिक बनाते है, बल्कि उनमें मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। निदेशक डॉ. मुकेश कुमार बड़वाल ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास, सम्मान एवं आत्मीयता का संबंध शिक्षा को प्रभावी बनाता है। एनएसएस प्रभारी राजेंद्र सिंह बिजारणियां ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षक दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के योगदान को समझने और उनका सम्मान करने का अवसर प्रदान करते हैं। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों जितेंद्र निठारवाल ज्योत्सना स्वामी, ममता चौधरी, कृष्णा बिजारणियां, अंतिमा शर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, श्रवण कुमार मेला, प्रहलाद बराला, बनवारी लाल जीतरवाल, प्रवीण कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में गुरु शिष्य संबंधों की आत्मीयता और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही वे जीवन में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास प्राप्त करते हैं। समारोह का समापन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने और उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ। शिक्षक दिवस का यह आयोजन ज्ञान, संस्कार, सेवा और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रभावशाली संदेश देकर संपन्न हुआ।

एस. एस. मोदी विद्या विहार में विद्यार्थियों ने संभाली शिक्षकों की भूमिका

विद्यार्थियों ने उत्साह से मनाया शिक्षक दिवसं

सुरेन्द्र शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। शहर के गौरव पथ पर स्थित एस. एस. मोदी विद्या विहार में शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। समारोह में विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी. पॉल एवं प्राचार्य विजय मसीह सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। समारोह की विशेषता यह रही कि कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने संभाली। विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के महत्व को समझते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षकों की भूमिका को करीब से अनुभव करते हुए एक दिन के लिए शिक्षण एवं विद्यालयी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। अकादमिक निदेशक रॉय सी. पॉल ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं शिक्षण-दर्शन का स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल विषयगत ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनमें जिज्ञासा, तार्किक चिंतन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति विकसित करना है। उन्होंने कहा कि तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में शिक्षक की भूमिका और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ मानवीय विवेक और स्वतंत्र चिंतन से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से बदलते शैक्षिक परिवेश के अनुरूप स्वयं को निरंतर समृद्ध करने का आह्वान किया। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन की अनेक महत्वपूर्ण स्मृतियों में शिक्षक का स्थान सदैव विशेष रहता है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की ओर से मिला छोटा-सा प्रोत्साहन भी विद्यार्थी के आत्मविश्वास को नई उड़ान दे सकता है। शिक्षक विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने शिक्षकों के अनुभवों और मार्गदर्शन को जीवन की पूंजी मानते हुए उनके प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखने का संदेश दिया। यदि शिक्षक प्रेरणा स्रोत बनेगा तभी यह पेशा बच पायेगा नहीं तो कृत्रिम बुद्धिमता इसे नियंत्रित कर लेगा। इसलिए हमें सचेत रहना होगा और बच्चों को सही मार्गदर्शन देना होगा। एक शिक्षक सिर्फ किताबें ही नहीं पड़ाता वह जीवन में आनेवाले उतार-चढ़ाव सही निर्णय लेने व सही गलत की पहचान करना सिखाए। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मनोरंजन एवं सम्मान के लिए विभिन्न खेलों, मनोरंजक गतिविधियों एवं विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभिन्न गतिविधियों के दौरान विद्यालय परिसर में उल्लास और आत्मीयता का वातावरण बना रहा। विद्यार्थियों की ओर से शिक्षकों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित कर उनके प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की गईं। प्राचार्य विजय मसीह ने शिक्षक दिवस पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक के लिए सबसे बड़ा सम्मान तब होता है, जब उसके विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और समाज का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा की सार्थकता तभी है, जब ज्ञान के साथ अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच भी विद्यार्थी के व्यक्तित्व का हिस्सा बने। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने और निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रयासरत रहने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। मंच का संचालन भवि सुगंध, निकिता और गर्वित ने बखूबी किया। हैड ब्वॉय वेदांत मीणा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गिलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी एवं कनिका मोदी ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

शिक्षक दिवस पर दर्जनों शिक्षकगण का हुआ सम्मान

जयशंकर जांगिड़

झुंझुनू (नवयत्न)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान षिक्षण संस्थान परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दर्जनों शिक्षकगण का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के समर्पण, मेहनत एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करना रहा। समारोह के दौरान प्रबन्ध निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, सचिव पीयूष ढूकिया, संरक्षिका विनोद ढूकिया एवं सहा. अभियन्ता ज्योति ढूकिया सहित संस्थान प्रधानाचार्यगण ने शिक्षकगण को सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप 15 वर्ष से अधिक समय से संस्थान में सेवा दे रहे शिक्षकगण का 15000 रूपये का चैक व साफा पहनाकर तथा शॉल ओढ़कर सम्मानित किया व उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर प्रबन्धक निदेशक इंजी. ढूकिया ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक शिक्षक केवल विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों का विकास भी करता है। शिक्षकों के अथक प्रयासों से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हैं, और राष्ट्र के विकास में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि पिता-पुत्र एक साथ संस्थान परिसर में मंच पर सम्मानित होना बड़े गर्व की बात है। साथ ही 17 अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान सदस्यों का भी स्मार्ट फोन, मिक्सर ज्यूसर व ट्रॉली बैग प्रदान कर सम्मान किया गया। सस्था में सम्मानित होने वाले सदस्यों में प्रधानाचार्यगण, व्याख्याता, मंत्रालयिक कर्मचारी, वाहन चालक, सुरक्षा प्रहरी जन सम्मिलित थे। सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

इनका हुआ सम्मान: अनुपम शर्मा, शुभकरण खीचड़, राकेश झाझड़िया, योगेन्द्र बसेरा, सुधीर शर्मा, मंगलाराम जांगिड़, सुशील सैनी, प्रहलाद सिंह कुल्हरी, महावीर प्रसाद शर्मा, जगदीश ढूकिया, उम्मेद सिंह, राकेश कुमार, महेन्द्र सिंह, रामनिवास सहित अन्य 17 संस्था सदस्य। सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकगण ने भव्य आयोजन के लिए संस्था प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

मेहाड़ा में तीन दिवसीय गोगाजी के मेले का हुआ शुभारंभ

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। मेहाड़ा के गोगाजी धाम मे शनिवार को तीन दिवसीय गोगाजी मेले में भगत कुलदीप पुजारी के सानिध्य में अखंड ज्योत प्रज्जवलन किया गया। तीन दिन तक चलने वाले मेले में पहले दिन मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। मेले में श्रद्धालुओं ने नारियल एवं प्रसाद चढ़ा कर बाबा की अखंड ज्योत एवं बाबा के दर्शन कर मन्नत मांगी। महिलाओं व बच्चों ने जम कर खरीददारी की। मेले में बड़ी संख्या में दुकाने एवं झूले, मिट्टी के बरतनों की दुकानें लगी। मेले में शांती व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस ने वाहनों की पार्किंग मेले से दुर व्यवस्था की है, जिससे मेले में जाने वालों को कोई भी परेशानी नही उठानी पड़ी। पुलिस की ओर से आमजन की सुरक्षा को लेकर मेले की सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। तीन दिवसीय मेले में आने वाली भीड़ की अधिकता को देखते हुए थानाधिकारी रामनारायण चोयल के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता व आरएसी के जवान तैनात किए गए है। इस दौरान मेले में मेहाड़ा जाटूवास के नवयुवक मंडल द्वारा सुरक्षा में सहयोग किया। मेले मे मेहाड़ा जाटूवास, मेहाड़ा गुर्जरवास, गोरीर, दूधवा, शिमला, बसई, रामपुरा, त्यौन्दा, खेतड़ी सहित निकटवर्ती हरियाणा के सैकड़ो श्रद्धांलुओं ने गोगाजी महराज के दर्शन कर अमन चैन की कामना की। इस मौके पर रामवतार गुर्जर, प्रेमाराम, रामस्वरूप, होशियार सिंह, दयाराम, डॉ सुरेंद्र गुर्जर, विजय कुमार, बबलू अवाना, समुद्र सिंह, दयाराम गुर्जर, छोटे लाल पहलवान, महेंद्र सिंह, कन्हैयालाल, धर्मा पहलवान, सहीराम, दीपचंद, वीर सिंह, पवन सिंह, हरपाल सिंह, ओमप्रकाश, ईश्वर सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

वीर गोगाजी केशव गौशाला का वार्षिकोत्सव का आयोजन, भामाशाह द्वारा बनाए मुख्य द्वार का हुआ लोकार्पण

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। मेहाडा जाटूवास स्थित वीर गोगाजी केशव गौशाला में वार्षिक महोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ । समारोह में मुख्य अतिथि मनोज कुमार थे, जबकि अध्यक्षता गौशाला समिति अध्यक्ष दलिप जांगिड़ ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने भामाशाह रामरिछपाल जांगिड़ द्वारा नवनिर्मित गौशाला के मुख्य द्वार व भामाशाह सुरेश सैनी द्वारा नवनिर्मित विश्राम कक्ष का विधिवत फीता काट कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिलीप जांगिड़ ने कहा कि मेहाडा जाटूवास की गौशाला आज भामाशाहों व ग्रामीणों के सहयोग से संचालित है। यह गौशाला आज जिले में तीसरे नंबर का स्थान रखती है। उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि दिल खोलकर गौशाला में गायों की सहायता के लिए दान दें । दान देने से धन में कमी नहीं आती है। इस मौके पर गौशाला में एक टेम्पो व 11 कट्टे गुड़ व दलिया देने की घोषणा की। इस मौके पर गौपूजन, हवन व भंडारे का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर आयोजित भंडारे में सैकड़ो लोगों ने पंगत प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अतिथियों ने समिति की ओर से गौशाला में आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया। इस मौके पर समिति सदस्य जगदीश प्रसाद के सौजन्य से मेहाडा जाटूवास की चार स्कूलों के बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी छात्रों को साफा व माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजित हवन की पूर्णाहुति में नागपुर प्रवासी संतोष अग्रवाल, सुरेश कुमार सैनी, राम रिछपाल जांगिड़, बाबूलाल सैनी, होशियार सिंह चौधरी, डॉ. शिव कुमार सैनी, राजेश गहलावत, सुरेश प्रजापत, छोटू राम, रणवीर सिंह, मूलचंद, सूबेदार अमर सिंह, बुधराम शर्मा, नवल चौधरी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

राजस्थान नर्सिंग संस्थान में हर्षोल्लास से मनाया गया शिक्षक दिवस

सुरेन्द्र शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। राजस्थान नर्सिंग संस्थान में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन डायरेक्टर दयानंद ढूकिया ने किया। इस अवसर पर डायरेक्टर दयानंद जी ढूकिया ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। प्रिंसिपल डॉ. विवेक सिहाग ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा गुरुजनों को स्मृति चिह भेंट किये गये। कार्यक्रम में प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफसदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ढूकिया हॉस्पिटल निदेशक डॉ मोनिका ढूकिया, न्यूरो विशेषज्ञ डॉ जोगेंद्र सिंह, गैस्ट्रो एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ नवीन महला, यूरोलॉजिस्ट डॉ विजय ओला, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अमित चौधरी, एमडी फिजिशियन एवं डायबिटोलॉजिस्ट डॉ विनोद कुमार जांगिड़, हड्डी एवं जोड़ संबंधी रोग विशेषज्ञ डॉ दुष्यंत कुमार सोनी एवं समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे ।

1.490 किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सीआईडी क्राइम ब्रांच और सीकर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में 1.490 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी झालावाड़ और मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश पुरी 30 पुत्र मानपुरी निवासी नया खेड़ा, थाना गंगधार, जिला झालावाड़ और भैरूसिंह 28 पुत्र परसिंह राजपूत निवासी पिपलिया सादिकपुर, थाना पिपलौन, जिला आगर मालवा, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध शाखा बिपिन कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईडी-सीबी की स्पेशल टीम को जयपुर रेंज और सीकर क्षेत्र में आसूचना संकलन के लिए भेजा गया था। इसी दौरान हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह को सूचना मिली कि झालावाड़ की ओर से एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर लक्ष्मणगढ़ पहुंचने वाला है। सूचना को विकसित करने के बाद पुलिस अधीक्षक सीकर प्रवीण नायक नूनावत के समन्वय से लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस और सीकर डीएसटी को मौके पर तैनात किया गया। घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। तलाशी में उनके कब्जे से 1.490 किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ लक्ष्मणगढ़ थाने में मामला दर्ज कर लिया है। अब उनसे मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, सप्लाई नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में सीआईडी-सीबी के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा और हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही। सहायक उपनिरीक्षक शंकर दयाल और कांस्टेबल नरेश कुमार ने तकनीकी सहयोग दिया। हेड कांस्टेबल कुलदीप और बृजेश कुमार का भी योगदान रहा। वहीं लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस और सीकर डीएसटी की टीम ने भी कार्रवाई में सहयोग किया।

श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

निसं

झुंझुनूं (नवयत्न)। श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टिबडेवाला ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। समारोह में शिक्षा, शोध एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्राध्यापकों एवं विभागाध्यक्षों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय की प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से बदलते समय के साथ तकनीक को शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी ढंग से अपनाने का आह्वान किया। समारोह में शिक्षकों के लिए अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अजीत कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ. अमन गुप्ता, खेल सचिव डॉ. अरुण कुमार, डॉ. इकराम कुरैशी, डॉ. महेश सिंह राजपूत, डॉ. अनंता शांडिल्य सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नाजिया हुसैन एवं डॉ. धर्मेंद्र कौशिक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ. आरती पंवार ने किया।

नंदोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब :

गोविंद देव जी की शोभायात्रा में झांकियों का आकर्षण

निसं

जयपुर (नवयत्न)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन शनिवार को छोटी काशी एक बार फिर कृष्ण भक्ति में डूबी नजर आई। शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में नंदोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कहीं बधाई लुटाने की परंपरा ने भक्तों को आनंदित किया तो कहीं भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठे। शाम को आराध्य देव गोविंददेवजी की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें रिमझिम बारिश के बीच परकोटा हरिनाम संकीर्तन से गूंज उठा।

गोविंददेवजी मंदिर में बधाई की उछाल

गोविंददेवजी मंदिर में ठाकुरजी को केसरिया रंग की नवीन पोशाक धारण कराकर फूलों, आभूषणों और चंदन से मनोरम शृंगार किया गया। धूप झांकी खुलने के बाद वेद मंत्रोच्चार के बीच अधिवास पूजन हुआ और नंदोत्सव की विशेष भोग झांकी के दर्शन कराए गए। इसके बाद मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी की ओर से फल, मिठाइयां, टॉफियां, बिस्किट, खिलौने और अन्य सामग्री की उछाल की गई। श्रद्धालुओं में बधाई लूटने की होड़ मच गई। मंदिर परिसर नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात से ही डटे रहे। महिलाओं ने पारंपरिक भजन गाकर माहौल को और भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए स्वयंसेवक व सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे।

रिमझिम बारिश में निकली भव्य शोभायात्रा

शाम को मंदिर प्रांगण से ठाकुरजी की शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी और त्रिवेणी पीठाधीश्वर रामरिछपालदास महाराज ने आरती कर यात्रा को रवाना किया। मुख्य द्वार पर काले हनुमान मंदिर के महंत गोपालदास महाराज ने आरती की। शोभायात्रा में करीब 22 झांकियां, हाथी, ऊंट, घोड़े, बैल का लवाजमा, बैंड और हरिनाम संकीर्तन मंडलियां शामिल हुईं। सबसे आगे सजे-धजे गजराज पर पंचरंगा निशान लिए सेवक चल रहे थे। बैलगाड़ी पर शहनाई वादन हुआ। इसके बाद ऊंट और घोड़ों के काफिले के साथ बैंडवादक भजनों की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे। गणेशजी, तिरुपति बालाजी, श्री अक्रूरजी, राधा-कृष्ण, गोपीनाथजी, श्याम सुंदरजी, राधा दामोदरजी, विनोदीलालजी, राधारमणजी और मदनमोहनजी सहित विभिन्न झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। पिंजरापोल गौशाला की ओर से गौसेवा का संदेश देती झांकी भी शामिल रही। जयपुर बंगाली मंडल सहित विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने हरिनाम संकीर्तन किया। शोभायात्रा जलेब चौक, हवामहल बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार और बगरू वालों के रास्ते होते हुए श्री राधा गोपीनाथजी मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न व्यापार मंडलों की ओर से स्वागत मंच बनाए गए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, मालवीयनगर विधायक कालीचरण सराफ, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित जनप्रतिनिधियों और संत-महंतों ने विभिन्न स्थानों पर मुख्य रथ में विराजित ठाकुरजी की आरती की। श्री राधा गोपीनाथजी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी ने शोभायात्रा की अगवानी कर आरती की।

अमरापुर स्थान में गुरु गोविंद के नाम नंदोत्सव

श्री अमरापुर स्थान पर भी शनिवार शाम गुरु गोविंद के नाम नंदोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। संकीर्तन मंडली ने भजन-कीर्तन किए और पुष्पवर्षा के साथ बधाई उत्सव मनाया गया। लड्डू गोपालजी की मनमोहक झांकी सजाई गई तथा माखन-मिश्री का भोग लगाकर विशेष पूजा-अर्चना की गई। संत मोनू राम ने बताया कि उत्सव के दौरान कपड़े, खिलौने, मिठाई और सूखे मेवों की उछाल की गई। सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रचित आध्यात्मिक वाणी और कृष्ण भजनों का संतों ने गुणगान किया। मंदिर में विशेष पुष्प शृंगार किया गया। नन्हे बाल गोपालों की स्वरूप झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

गुप्त वृंदावन धाम में नंदोत्सव के साथ व्यास पूजा

गुप्त वृंदावन धाम में नंदोत्सव के साथ इस्कॉन के संस्थापक-आचार्य श्रील प्रभुपाद का 130वां व्यास-पूजा महोत्सव भी श्रद्धा और उल्लास से मनाया गया। श्री श्री कृष्ण-बलरामजी का विशेष शृंगार किया गया। भक्तों ने भजन-कीर्तन, नृत्य, पुष्पाभिषेक और झूलन उत्सव में भाग लिया तथा माखन-मिश्री का प्रसाद प्राप्त किया। सायंकाल व्यास पूजा के दौरान श्रील प्रभुपाद का महा-अभिषेक हुआ। देश-विदेश के भक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित की। विभिन्न देशों और भाषाओं के भक्तों की ओर से तैयार व्यास-पूजा अर्पण-पुस्तिका समर्पित की गई। इस अवसर पर 1008 व्यंजनों का महाभोग लगाया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में पालकी यात्रा, हरिनाम संकीर्तन, गुरु पूजा और महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

नोखा में चुनावी कार्यालयों के उद्घाटन के साथ तेज हुई सियासी हलचल

निसं

नोखा (नवयत्न)। नगर पालिका चुनाव को लेकर नोखा में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में चुनावी कार्यालयों का शुभारंभ कर चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के वार्ड संख्या 39 से प्रत्याशी दामोदर सुधार के चुनावी कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया गया, वहीं वार्ड संख्या 38 से भाजपा प्रत्याशी कपिल जोशी के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसी क्रम में वार्ड नंबर 21 से माकपा प्रत्याशी नीलू छिम्पा के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ पूर्व संसदीय सचिव एवं वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल झंवर ने किया। कार्यालय शुभारंभ के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की मौजूदगी रही। कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी तैयारियों को गति देने और मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

वार्डों में बढ़ने लगी चुनावी सक्रियता

चुनावी कार्यालयों के उद्घाटन के साथ ही प्रत्याशियों ने वार्डों में जनसंपर्क अभियान को तेज करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यालय अब चुनावी गतिविधियों के संचालन, कार्यकर्ताओं की बैठक और जनसंपर्क की रणनीति तैयार करने के प्रमुख केंद्र बनेंगे। भाजपा प्रत्याशियों के कार्यालय शुभारंभ के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। वहीं माकपा प्रत्याशी नीलू छिम्पा के कार्यालय शुभारंभ में पूर्व संसदीय सचिव कन्हैया लाल झंवर की मौजूदगी ने मुकाबले को राजनीतिक रूप से और चर्चित बना दिया है।

भाजपा और माकपा दोनों कर रहे बोर्ड बनाने का दावा

नोखा नगर पालिका चुनाव में इस बार मुकाबला दिलचस्प नजर आ रहा है। भाजपा और माकपा दोनों ही अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों के दम पर नगर पालिका में अपना बोर्ड बनाने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में चुनावी मैदान में दोनों दलों के बीच मुकाबला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वार्ड स्तर पर प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ने के साथ ही चुनावी माहौल भी गरमाने लगा है। आने वाले दिनों में जनसंपर्क, सभाओं और कार्यकर्ताओं की बैठकों के जरिए राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का प्रयास करेंगे। अब चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि नोखा नगर पालिका में बोर्ड बनाने का दावा किस दल के पक्ष में साकार होता है।

शारदा सीनियर स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया

निसं

लोसल (नवयत्न)। शारदा सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोसल में शिक्षक दिवस समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक बनवारी लाल कुमावत प्रधानाचार्य महावीर सिंह एवं विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टर राधाकृष्णन सर्वपल्ली के चित्र पर पुष्प आहार पहनकर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात विद्यार्थियों ने डॉ राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जीवन से जुड़ी हुई अनेक रोचक प्रसंग सुनाएं शिक्षक की लगन त्याग व समर्पण के प्रसंग सुनाये गये अंत में विद्यालय के निदेशक बनवारी लाल कुमावत ने भारत के पहले उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति के जीवन पर रोचक प्रसंग सुनाते हुए उनके पद चिन्हों पर चलते हुए अपने दायित्वों को निर्वाह करने का सभी विद्यालय के गुरुजनों से आह्वान किया।

विद्यालय में सेवारत सभी गुरुजनों का विद्यार्थियों ने पुष्प हार पहना कर व कलम भेंट करके उनका आशीर्वाद लिया अंत में सभी गुरुजनों को शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राएं वर्षा जाटोलिया वह खुशबू खान ने किया।

समाजसेवी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद शर्मा मास्टरजी की प्रथम पुण्यतिथि पर 235 यूनिट रक्त संग्रहित

निसं

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपगढ़ में पूर्व शिक्षाविद् एवं समाजसेवी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद शर्मा मास्टरजी की प्रथम पुण्यतिथि पर शिक्षा सशक्तिकरण ग्रामीण संस्थान जयपुर एवं समस्त ग्रामीणजन रूपगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए 235 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया। वहीं 627 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान कर संस्थान की ओर से दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने कहा कि जीवन में असली कमाई मानवता की सेवा से अर्जित पुण्यार्थ ही सबसे बड़ा प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के निर्माण से लेकर उनके क्रियान्वयन तक ग्रामीणजनों की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है। दांतारामगढ़ विधायक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वर्गीय जगदीश प्रसाद शर्मा मास्टरजी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के साथ-साथ एक जाने-माने समाजसेवी भी थे। संस्थान के सचिव केके शर्मा ने शिविर में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया तथा मास्टरजी के जीवन परिचय एवं शिविर के आयोजन की विस्तार से जानकारी दी। अध्यापक बिरमाराम ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया, उपखंड अधिकारी अमृता खंडेलवाल, रूपगढ़ पीएचसी प्रभारी डॉ. हरिसिंह नेहरा, गजानंद शर्मा, सुभाष शर्मा, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, प्रोफेसर राजेंद्र शर्मा, प्रोफेसर सोहनलाल शर्मा, प्रशासक लक्ष्मी देवी, भगवानाराम छब्बरवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन बजरंग जाटोलिया ने किया।

शिक्षक दिवस पर विद्यालय को 11 हजार रुपये का सहयोग

निसं

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। गांव करड़ में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करड़ में शिक्षक दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान करड़ निवासी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रुलाना से सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मीनारायण आलोरिया ने अपने जन्मस्थली करड़ की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को 11 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिए गए इस सहयोग के लिए प्रधानाचार्य मनोज कुमारी ने लक्ष्मीनारायण आलोरिया का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा जताई।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ग्लोबल नर्सिंग समिट का आगाज

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शिक्षक दिवस के अवसर पर नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं आरएच हेल्थ केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग कॉन्फ्रेंस ग्लोबल नर्सिंग समिट-2026 का शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना डूंगरी में आगाज हुआ। इस वर्ष सम्मेलन की थीम ट्रांसफॉर्मिंग नर्सिंग शेप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इनोवेशन, रोबोटिक नर्सिंग, सिमुलेशन बेस्ड नर्सिंग एजुकेशन और इमर्जेंट नर्सिंग लीडरशिप रखी गई है। उद्घाटन सत्र में श्रीलंका से वरना कुलसरैया, इंडोनेशिया से जुबेदा रोहमावती, भूटान से मणिकला, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. फारुख खानए मुंबई 2008 आतंकी हमले के दौरान साहस दिखाने वाली नर्स अंजलि विजय कुलथे तथा अतिरिक्त निदेशक डीपीआर डॉ. गोवर्धन शर्मा सहित देश-विदेश के नर्सिंग विशेषज्ञ मौजूद रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. राहुल शर्मा एवं सचिव पुरुषोत्तम कुंभज ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन नर्सिंग शोधकर्ताओं के 33 ऑफलाइन और 27 पेपर प्रस्तुतिकरण तथा छह पोस्टर प्रस्तुतिकरण हुए। इनका मूल्यांकन देश-विदेश के 33 विशेषज्ञों की निर्णायक समिति ने किया। गोल्डन पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार शिवराम वर्माए सिल्वर पेपर प्रेजेंटेशन शकीला, गोल्डन पोस्टर प्रेजेंटेशन शत्रुघ्न पारीक तथा सिल्वर पोस्टर प्रेजेंटेशन शैलीन वर्गीस को प्रदान किया गया।

नर्सिंग के भविष्य पर मंथन

आयोजन समिति के संयोजक महेश शर्मा, सह-संयोजक मनोज शर्मा और डॉ. हेमलता शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में नर्सिंग शिक्षा में उच्च शिक्षा की चुनौतियां, नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी कमीशन, भर्ती नीति, नर्सिंग कैडर समीक्षा, भविष्य में नर्सिंग का स्वरूप, भारत और विदेशों की नर्सिंग सेवाओं का मूल्यांकन तथा दूरस्थ शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संबंध जैसे विषयों पर पैनल चर्चा हुई। पैनल में डॉ. विमला कपूर, डॉ. गीता देवी, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. राकेश नेहरा, डॉ. वीरेंद्र चौधरी, डॉ. हरिचरण रावत, डॉ. बाबूलाल यादव, डॉ. मारिया थेरिश, स्नेहा शेखरावत, प्यारेलाल चौधरी, अशोक सपोटरा और पवन कुमार मीना ने विचार रखे। चर्चा का संचालन शत्रुघ्न पारीक, महिपाल जेवालिया, राजपाल यादव, उमेश पाराशर एवं डॉ. पवन ओझा ने किया। मंच संचालन डॉ. अंकित गर्ग ने किया। रविवार को सुबह 10 बजे से समिट का मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें अतिरिक्त मिशन निदेशक, एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव सोनी, मंजू चूगानी, सुरेश शर्मा, सुखपाल कौर, डॉ. सतीश अवस्थी, डॉ. लव संपूर्णजोत कौर, डॉ. रीटा देवी, डॉ. आई. क्लेमेंट और डॉ. घनश्याम जांगिड़ सहित अन्य वक्ता संबोधित करेंगे।

गुरु आश्रम में काल भैरव मंदिर चबूतरा निर्माण का शिलान्यास

निसं

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। बाय-खाटूश्यामजी-दांतारामगढ़ सड़क मार्ग पर स्थित गुरु आश्रम परिसर में बाबा श्री काल भैरव कांकड़ के भैरू बाबा के मंदिर चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक विधि-विधान के साथ भूमि पूजन एवं नींव का मुहूर्त संपन्न हुआ। जगतगुरु खाटूश्याम, श्री महाकाल अखाड़ा, उज्जैन के आचार्य मदन महाराज एवं पंडित सुशील शर्मा के सान्निध्य में विधिवत पूजा-अर्चना करवाई गई। बावड़ी बालाजी मंदिर के पास स्थित गुरु आश्रम में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में अखाड़े के श्री महंत गीगराज महाराज के कर कमलों से बाबा श्री काल भैरव के चबूतरा निर्माण की नींव रखी गई। इस अवसर पर यजमान मोती उत्पादक विनोद भारती, मोहनलाल दायमा, श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान, सुरेश तिवारी, महिपाल सिंह सुतलिया, मोहनलाल कुमावत, चिरंजी लाल वर्मा, कमल कुमार, पूरणमल गोठवाल, बंशीधर योगी, महेश जांगिड़, घासीराम भार्गव, रामस्वरूप हलवाई, भगवान सहाय नेमीवाल, अशोक वर्मा, विनोद पुजारी, ओमप्रकाश कुमावत, मक्खनलाल, कैलाश, राजेंद्र, मनीष, नरेंद्र, मांगीलाल योगी, सुनील, सुरेश, प्रमोद, लालचंद, जगदीश किलका सहित दर्जनों श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी मौजूद रहे। शिलान्यास कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। महंत गीगराज महाराज ने बताया कि बाबा श्री काल भैरव के मंदिर चबूतरा निर्माण का यह कार्य धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित इस शुभ कार्य को लेकर क्षेत्र के धर्मप्रेमियों में विशेष उत्साह एवं हर्ष का माहौल रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं आमजन उपस्थित हुए और शिलान्यास समारोह के साक्षी बने। इस दौरान महिलाओं ने भजन एवं मंगल गीत गाकर बाबा श्री काल भैरव को रिझाया तथा श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

बाइक चुराने वाला अपराधी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। चाकसू थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आदतन अपराधी जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र की मनोहरपुरा हरिजन कच्ची बस्ती निवासी बलराम हरिजन 35 को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है।

सम्पादकीय

इसरो का नया अध्याय

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा द्वीप पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने सफलता का एक नया अध्याय लिखा। यह देश के पहले इमेजिंग सैटेलाइट के लांच के रूप में सामने आया। यह एक अत्याधुनिक अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट है। यह देश को रियल टाइम निगरानी और रणनीतिक डाटा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह सैटेलाइट भारत को ऐसी क्षमता से लैस करेगा, जिसकी आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। यह सैटेलाइट किसी क्षेत्र पर लगातार नजर रखने की क्षमता से लैस है।

पृथ्वी से हजारों किमी ऊपर से यह सैटेलाइट भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ आसपास के सागरों और रणनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगाह रख सकेगा। यह बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवातों, जंगलों की आग, पर्यावरणीय बदलावों की निगरानी में भी सहायक होगा। इसीलिए इसे अंतरिक्ष में भारत की आंख कहा जा रहा है। इसकी महत्ता का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि इसके प्रक्षेपण के समय नौसेना और वायुसेना के अधिकारी श्रीहरिकोटा में मौजूद थे। स्पष्ट है कि इस सैटेलाइट का उपयोग केवल नागरिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में भी मदद करेगा।

इसरो की नवीनतम सफलता अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाती है। अंतरिक्ष में भारत की एक और छलांग का महत्व इससे बढ़ जाता है, क्योंकि कुछ समय से इसरो का भरोसेमंद राकेट पीएसएलवी लगातार नाकाम हो रहा था। इसके चलते इसरों की सैटेलाइट लांचिंग क्षमता को लेकर सवाल उठने लगे थे। यह अच्छा हुआ कि इसरो के विज्ञानियों ने इन सवालों का जवाब शानदार तरीके से दिया।

इस सफल मिशन ने भारत की अंतरिक्ष एजेंसी को एक नई ऊर्जा प्रदान की है। इसके बाद भी यह ध्यान रहे कि इसरो को अभी कई चुनौतियों का सामना करना है। इनमें कई सैटेलाइट की लांचिंग के साथ गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन भी है। गगनयान का पहला मानव रहित मिशन इसी वर्ष के अंत तक प्रस्तावित है। चूंकि अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी क्षेत्र के लिए भी खोल दिया गया है, इसलिए इसरो के सामने एक अन्य चुनौती कुशल मानव संसाधन को बनाए रखने की भी है।

सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसरो बजट और संसाधनों की कमी के चलते प्रतिभाओं के अभाव का सामना न करने पाए, क्योंकि यदि ऐसा होता है तो महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्यों पर विपरीत असर पड़ सकता है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए कि इसरो के भावी मिशन तय समय में पूरे हों। इस अंतरिक्ष एजेंसी के लिए यह भी आवश्यक है कि वह हर मामले में आत्मनिर्भर बने और अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करती रहे, क्योंकि आने वाले समय में प्रतिस्पर्धा बढ़ने वाली है।

विशेष आलेख

प्रमाणित होती अर्थव्यवस्था की मजबूती

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 31 अगस्त को पहली तिमाही के वृद्धि दर के आंकड़े सामने आने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अकादमिक जगत के एक वर्ग ने इन आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि राष्ट्रीय आय और जीडीपी की गणना की पद्धति में कुछ ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से इन आंकड़ों की विश्वसनीयता पर संदेह होता है। इसकी पड़ताल आवश्यक है।

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में दर्ज 7.8 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि के पीछे कई महत्वपूर्ण और निरंतर उपलब्ध आर्थिक संकेतकों का मजबूत आधार है। ये संकेतक अर्थव्यवस्था के विस्तार की मजबूती को प्रमाणित करते हैं। जैसे वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 18.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह माल ढुलाई और कारोबारी मांग में मजबूती का संकेत देती है। कंपनियां भविष्य में मांग बढ़ने की उम्मीद में वाहनों के बेड़े का विस्तार कर रही हैं। निवेश के मोर्चे पर भी काफी मजबूती दिखाई दे रही है। पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मशीनरी और उपकरणों के आयात में 51.5 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी हुई।

सीमेंट उत्पादन, तैयार स्टील की खपत और बुनियादी ढांचे तथा निर्माण से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादन में भी मजबूत वृद्धि हुई। ई-वे बिल बनने की संख्या में भी दोहरे अंकों में वृद्धि जारी रही। जीएसटी की दरों में बड़े स्तर पर बदलाव और युक्तिसंगत बनाने के बाद सकल जीएसटी संग्रह में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन सभी संकेतकों को एक साथ देखने से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और आर्थिक वृद्धि का आधार काफी व्यापक है। पहली तिमाही में वाहनों की जोरदार बिक्री से संकेत मिलता है कि अपनी पसंद और आवश्यकता पर खर्च करने को लेकर लोगों की क्षमता बढ़ी है, जिसने मांग को मजबूती प्रदान की है। कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र, तीनों में बैंक ऋण की व्यापक वृद्धि हुई है। मजबूत निवेश, स्थिर खपत, माल ढुलाई में तेजी और बैंक ऋण के विस्तार का एक साथ होना इसका संकेत है कि अर्थव्यवस्था का यह विस्तार टिकाऊ है।

वृद्धि को लेकर संदेह का एक पहलू मौजूदा कीमतों और स्थिर कीमतों पर जीडीपी के बीच कीमतों में किए जाने वाले समायोजन यानी जीडीपी डिफ्लेशन को लेकर है। यह चिंता तब भी बनी हुई है, जबकि आधार वर्ष में बदलाव के दौरान गणना की पद्धति में काफी सुधार किए गए हैं। पहली तिमाही के नतीजे आने के बाद जीडीपी डिफ्लेटर को लेकर जो सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी सवाल उठाया गया है, वह भी इसी मुद्दे से जुड़ा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली बेहतर पद्धतियों के अनुरूप संशोधित राष्ट्रीय आय के आंकड़ों में कीमतों के समायोजन के लिए अब थोक मूल्य सूचकांक यानी डब्ल्यूपीआइ की जगह नए उत्पादक मूल्य सूचकांक यानी पीपीआइ का उपयोग किया गया है। हालांकि, डिफ्लेशन की पद्धति और कीमतों से जुड़े आंकड़ों के स्रोत दोनों में एक साथ बदलाव किए जाने के कारण हाल में जीडीपी डिफ्लेटर में आए बदलावों को समझना कुछ मुश्किल हो गया है। पहली तिमाही के आंकड़े जारी होने के बाद हुई चर्चाओं में भी यह बात सामने आई है।

हमने विनिर्माण क्षेत्र में 'डबल डिफ्लेशन' पद्धति अपनाई है। इसमें उत्पादन और उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं (मध्यवर्ती खपत) की कीमतों में बदलाव को अलग-अलग समायोजित किया जाता है। इसके बाद दोनों के वास्तविक मूल्यों के अंतर से वास्तविक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) निकाला जाता है। राष्ट्रीय आय की गणना में यह दुनिया भर में अपनाई जाने वाली सबसे बेहतर पद्धति मानी जाती है। जब उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की कीमतें तैयार उत्पादों की कीमतों से ज्यादा तेजी से बढ़ती हैं, तो मौजूदा कीमतों पर जीवीए की वृद्धि वास्तविक जीवीए की वृद्धि से कम हो सकती है। जब उत्पादन और कच्चे माल, दोनों की कीमतें बढ़ रही हों, तब भी जीवीए का निहित डिफ्लेटर नकारात्मक हो सकता है।

विकसित देशों में भी डबल डिफ्लेशन पद्धति अपनाने पर इस तरह के परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी तैयार उत्पादों की कीमतों की तुलना में अधिक रही। इससे जीवीए डिफ्लेटर कम हुआ। इसके अलावा, कुछ सेवा क्षेत्रों में कीमतों में बहुत कम वृद्धि होने के कारण जीवीए डिफ्लेटर और सामान्य सीपीआइ और डब्ल्यूपीआइ के बीच अंतर और बढ़ गया। स्थिर कीमतों पर जीवीए का अनुमान सामान्य या समग्र मूल्य सूचकांकों के आधार पर नहीं लगाया जाता।

इसके लिए अलग-अलग प्रकार के उत्पादन और उसमें इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के लिए 300 से अधिक उत्पादक मूल्य और अन्य मूल्य सूचकांकों का सावधानीपूर्वक इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए अलग-अलग और व्यापक स्तर के कुछ आंकड़ों को सामने रखकर इन जीवीए अनुमानों पर सवाल उठाना उचित नहीं। इससे एक ऐसी सांख्यिकीय व्यवस्था को लेकर जनता में गलत धारणा बन सकती है, जिसे अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिए लगातार सुधार किया गया है। एक अध्ययन में भारत की राष्ट्रीय आय की गणना की पद्धति पर अनुचित तरीके से सवाल उठाए गए हैं। इसमें यह मान लिया गया है कि जीडीपी वृद्धि को कथित रूप से जरूरत से ज्यादा दिखाए जाने के कारण भारत के वास्तविक प्रदर्शन और इस काल्पनिक तुलना वाले देश के प्रदर्शन के बीच जो अंतर निकाला गया है, वह वास्तव में निचली सीमा है, लेकिन इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि जीडीपी की गणना की पद्धति में आखिर गलती कहां है।

आर्थिक आकलन की किसी प्रणाली की आलोचना स्वागतयोग्य है, क्योंकि इससे सुधार की दिशा स्पष्ट हो सकती है, लेकिन भ्रामक टिप्पणियों और सुविधाजनक निष्कर्षों से यह संभव नहीं होता। विशेष तौर से तब जब अर्थव्यवस्था के लगभग सभी प्रमुख क्षेत्र तेजी का संकेत कर रहे हों।

आज का राशिफल

मेष
संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे।

वृष
दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूंजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुसंगति से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है।

मिथुन
नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा।

कर्क
कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

सिंह
लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा।

कन्या
धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी। यात्रा सफल रहेगी।

तुला
आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। संतान पर ध्यान दें।

वृश्चिक
धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं।

धनु
पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

मकर
प्रसन्नता रहेगी। संपति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कश्मकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

कुंभ
अप्रत्याशित लाभ होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। व्यापार में हानि हो सकती है।

मीन
पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। व्यापार में सफलता मिलेगी। विवाद न करें।

स्वास्थ्य समाचार

सुबह खाली पेट गुनगुने पानी के साथ लें आंवला पाउडर, मिलेंगे यह फायदे

आंवला सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, ये तो हम सभी जानते ही हैं। दरअसल, आंवले में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी, विटामिन ए, आयरन, कैल्शियम और विटामिन ई काफी अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व सेहत के लिए काफी जरूरी होते हैं। इसलिए अधिकतर लोग आंवले का सेवन जरूर करते हैं। कुछ लोग आंवले को सीधे तौर पर चबाकर खाते हैं, तो कुछ लोग आंवले का मुरब्बा खाना पसंद करते हैं। आंवले का पाउडर डायबिटीज, कैंसर और हार्ट जैसी गंभीर बीमारियों में फायदेमंद हो सकता है। आंवले में कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसानों से बचाते हैं। इसके अलावा आंवला पाउडर त्वचा और बालों के लिए भी लाभकारी होता है। वैसे तो आंवले के पाउडर का सेवन दिन या रात किसी भी समय किया जा सकता है। लेकिन अगर आंवला पाउडर सुबह खाली पेट लिया जाता है, तो शरीर इसके पोषक तत्वों को अधिक मात्रा में अवशोषित कर सकता है।

सुबह खाली पेट आंवला चूर्ण खाने के फायदे

- आंवले में घुलनशील फाइबर होता है, जो शरीर में जल्दी घुल जाता है। ऐसे में आंवला शरीर द्वारा चीनी को अवशोषित करने की दर को धीमा कर देता है। ऐसे में सुबह खाली पेट आंवला पाउडर खाना डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।
- अगर पाचन से जुड़ी समस्याएं हैं, तो सुबह खाली पेट आंवला पाउडर खाना फायदेमंद हो सकता है। आंवले में मौजूद फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है और कब्ज से छुटकारा दिला सकता है।
- आंवले में विटामिन सी अधिक मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में सुबह खाली पेट आंवला पाउडर लेने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और बैक्टीरिया आदि से बचाव होता है।
- आंवले में फाइटोन्यूट्रीएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मुक्त कणों से लड़ते हैं। इससे हृदय स्वास्थ बेहतर होता है। हार्ट हेल्थ में सुधार करने के लिए सुबह खाली पेट आंवले का पाउडर लिया जा सकता है।
- सुबह खाली पेट आंवला पाउडर खाने से आंखों के स्वास्थ्य में भी सुधार हो सकता है। क्योंकि आंवले में विटामिन ए होता है, जो आंखों को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।
- सुबह खाली पेट आंवला खाने से सेहत के साथ ही त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याओं का भी इलाज हो सकता है।

रात को सोने से पहले नाभि पर लगाएं एसेंशियल ऑयल, स्किन दिखेगी ग्लोइंग

नाभि हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन क्या आप ये बात जानते हैं कि नाभि का सीधा कनेक्शन हमारे स्वास्थ्य और स्किन से है। नाभि शरीर के कई अंगों तक पहुंचाने वाली कई नसों को जोड़ने वाला एक केंद्र है। इसलिए आयुर्वेद में नाभि पर तेल डालने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। खासकर स्किन से जुड़ी परेशानियों को दूर रखने के लिए नाभि पर तेल डालना बहुत फायदेमंद माना जाता है। चेहरे पर पिंपल्स, मुंहासे और एलर्जी की परेशानियों से बचने के लिए रात को सोने से पहले नाभि पर एसेंशियल ऑयल लगाने की सलाह दी जाती है।

कैरट सीड ऑयल : नाभि पर कैरट सीड ऑयल लगाने स्किन ग्लोइंग बनती है। कैरट सीड ऑयल में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। ये समय से पहले नज़र आने वाली झुर्रियों, झांइयों को दूर करने में सहायक है। रात को सोने से पहले नाभि पर कैरट सीड ऑयल लगाने से शरीर का तनाव भी कम करने में मदद मिलती है। आज के दौर में कई स्किन प्रॉब्लम का मुख्य कारण तनाव ही है, इसलिए रात को नाभि में कैरट सीड ऑयल डालकर सोने की सलाह दी जाती है।

लैवेंडर ऑयल : लैवेंडर में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। रात को नाभि में लैवेंडर ऑयल डालकर सोने से पिंपल्स, एक्ने और आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से मुक्ति मिल सकती है। नाभि में लैवेंडर ऑयल डालकर सोने से मन शांत रहता है और एकाग्रता भी बढ़ती है।

सूरजमुखी का तेल : प्रिस्टीन केयर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, शरीर के अन्य अंगों की ही तरह बेली बटन या नाभि पर सूरजमुखी का तेल लगाने से स्किन को डीप क्लीन करने में मदद मिलती है। एयर पॉल्यूशन, धूप और पसीने के कारण शरीर के बाकी हिस्सों के मुकाबले नाभि में ज्यादा गंदगी जमा होती है। नाभि में गंदगी जमा होने की वजह से पिंपल्स, दाग, मुंहासे और कई तरह की स्किन प्रॉब्लम हो सकती है। नाभि में सूरजमुखी का तेल डालने से इस तरह की समस्या से बचा जा सकता है।

नारियल का तेल

नाभि क्षेत्र बहुत आसानी से गंदा हो जाता है, यह बैक्टीरिया और कवक का घर बन जाता है। नाभि में बैक्टीरिया बनने की वजह से स्किन इंफेक्शन हो सकता है। नाभि में बैक्टीरिया न हो इसके लिए रात को सोने से पहले नाभि में नारियल का तेल डालने की सलाह दी जाती है। नारियल के तेल में एंटीफंगल और जीवाणुरोधी गुण पाए जाते हैं, ये स्किन को पोषण देने का काम करते हैं जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है।

चंदन का तेल

चंदन के तेल के पोषक तत्व चेहरे की सूजन को कम करने का काम करते हैं। रात को नाभि में चंदन का तेल डालने से चेहरे की सूजन और मुंहासे की समस्या खत्म होती है। नाभि में चंदन का तेल डालते वक्त ध्यान दें कि इस तासीर ठंडी होती है इसलिए सप्ताह में 1 से 2 बार ही रात को नाभि में चंदन का तेल डालकर सोएं।

बच्चों को खिलाएं मूंगफली का पाउडर, सेहत को मिलेंगे यह फायदे

मूंगफली का पाउडर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। मूंगफली में प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर, विटामिन बी6, आयरन और मैग्निशियम आदि प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं। अधिकतर लोग मूंगफली खाना काफी पसंद करते है। लेकिन जब बात बच्चों की आती है, तो उन्हें मूंगफली खिलाना आसान काम नहीं होता। ऐसे में माएं बच्चों को आसानी से मूंगफली का पाउडर दें सकती है। मूंगफली का पाउडर बच्चों को देना काफी आसान होगा और वह आसानी से पच भी जाएगा। मूंगफली का पाउडर बच्चे को हलवे, दूध और खीर आदि में डालकर खिलाया जा सकता है। बच्चों को नियमित मूंगफली का पाउडर देने से सर्दी-जुकाम और एलर्जी से बचाव होगा और वह हेल्दी भी रहेंगे।

इम्यूनिटी को करें मजबूत : मूंगफली का पाउडर सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बच्चों को मूंगफली का पाउडर देने से एलर्जी से बचाव होता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। मूंगफली का पाउडर बच्चों को नियमित तौर पर खिलाएं। बच्चों को मूंगफली का पाउडर देने से वह मजबूत भी बनते है।

प्रोटीन : बच्चों को अगर सही ग्रोथ देना चाहते है, तो बच्चों को मूंगफली का पाउडर अवश्य दें। मूंगफली के पाउडर में भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है। जिसको देने से बच्चे की उम्र के हिसाब से सही विकास होता है। बच्चों को प्रोटीन देने के लिए मूंगफली का पाउडर का इस्तेमाल करें।

याददाश्त बढ़ाए : मूंगफली का पाउडर बच्चों को देने से बच्चों की याददाश्त बढ़ाने में मदद मिलती है। मूंगफली का पाउडर बच्चों को नियमित देने से उनका दिमाग तेज होता है और याददाश्त भी बढ़ती है। बच्चों को मूंगफली का पाउडर हलवा और दूध में डालकर दिया जा सकता है।

डाइजेशन सुधरता है : मूंगफली का पाउडर बच्चों को देने से बच्चों का पाचन तंत्र मजबूत होता है। मूंगफली में डाइटरी फाइबर की मात्रा अच्छी होती है, जो डाइजेशन को बेहतर करने में मदद करती है। मूंगफली का पाउडर देने से बच्चों के पेट में गैस, एसिडिटी और अपच आदि की समस्या नहीं होती है।

हड्डियां रहती हैं मजबूत : बच्चों को मूंगफली का पाउडर देने से बच्चों की हड्डियां मजबूत रहती है। मूंगफली में कैल्शियम और विटामिन डी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाके बच्चों को एनर्जेटिक भी बनाए रखता है। बच्चों को नियमित मूंगफली का पाउडर देने से वह लंबे समय तक स्वस्थ रहते है।

निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने गठित की चुनाव प्रबंधन समिति

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने चुनाव प्रबंधन समिति का गठन किया है। शनिवार को भाजपा कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने चुनाव प्रबंधन समिति की सूची जारी की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि इस बार सुजानगढ़ में कमल खिलाना है। चुनाव प्रबंधन के लिए माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी प्रहलाद राय टाक, सह प्रभारी मधुसूदन राजपुरोहित, संयोजक सुभाष पारीक, सह संयोजक विष्णु त्रिवेदी एवं गौरव इंदोरिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार चुनाव कार्यालय प्रमुख प्रकाश भार्गव, सह प्रमुख बसंत दाधीच, अमरचंद सेन को बनाया गया है। संवाद केंद्र प्रमुख की जिम्मेदारी नरेंद्र भाटी, सह प्रमुख का दायित्व विजय सिंह बोरड़ को दिया गया है। भाजपा ने चुनाव प्रबंधन के तहत मीडिया, सोशल मीडिया, युवा संपर्क, महिला संपर्क एवं प्रशासनिक कार्य सहित विभिन्न विभागों का गठन कर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसके अलावा चुनाव से जुड़े अन्य कार्यों के लिए भी कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर उन्हें चुनावी तैयारियों में जुटाया गया है। भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति के अनुसार आपसी समन्वय के साथ चुनाव में जुटने और पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया। इस दौरान श्री यादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, मधुसूदन राजपुरोहित, सुभाष पारीक, जयश्री दाधीच, नवरत्न पुरोहित, रूपाराम गुलेरिया सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

कृष्ण जन्माष्टमी पर सजी सजीव झांकियां, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

निसं

नोखा (नवयत्न)। कस्बे में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, तिरुपति नगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर, लखोटिया बास सहित कस्बे के अनेक मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। शाम होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

अयोध्या धाम में पहली बार दिखा ऐसा आयोजन

लाहोटी चौक स्थित अयोध्या धाम में कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम और भव्य तरीके से मनाया गया। समिति के गिरधारी पारीक ने बताया कि पंडाल में आकर्षक सजीव झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्थानीय भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु झूमते हुए नृत्य करते नजर आए और पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। समिति के गिरधारी पारीक ने बताया की नोखा में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इस तरह का सजीव झांकियों और भजन-संध्या से जुड़ा भव्य कार्यक्रम अपने आप में पहला आयोजन रहा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कृष्ण मंदिर में भी सजीव झांकियां बनी आकर्षण

कृष्ण मंदिर में जसवंतगढ़ की सजीव झांकियां सजाई गईं। झांकियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े विभिन्न धार्मिक प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने झांकियों का दर्शन कर धर्मलाभ लिया।

राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

जन्माष्टमी के अवसर पर समिति की ओर से राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें बच्चों ने राधा.कृष्ण का रूप धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

कृष्ण मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर स्थानीय भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर श्रद्धालु देर तक भक्ति में झूमते रहे। मंदिर परिसरों में जयकारों और भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। चातुर्मास का आयोजन भी चल रहा है। गौरतलब है कि लाहोटी चौक स्थित अयोध्या धाम में परम पूज्य दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज का चातुर्मास आयोजन चल रहा है। चातुर्मास के तहत यहां नियमित रूप से धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

हल्की बरसात से गर्मी से मिली राहत

निसं

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। गोगा नवमी के अवसर पर शनिवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर करीब एक बजे हल्की बरसात शुरू हो गई। कुछ देर तक रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। हल्की बुंदाबंदी होने से बारिश की बूंदों के बीच पक्षियों के विचरण करते हुए नजर आए। क्षेत्र में हुई हल्की बरसात से किसानों को भी कुछ राहत मिली। हालांकि बरसात कम होने के कारण खेतों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाया, लेकिन मौसम में ठंडक आने से लोगों ने राहत की सांस ली।

मौसम के बदले मिजाज के बाद क्षेत्र में और बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है।

वार्ड 11 में कांग्रेस प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। वार्ड न. 11 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद इदरीश गौरी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधायक मनोज मेघवाल ने किया है। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में युवाओं में विधायक मनोज मेघवाल के प्रति क्रेज देखने को मिला और मनोज मेघवाल जिन्दाबाद के नारे लगाए और मिठाई से तोलकर विधायक का अभिनंदन किया गया। दूसरी ओर इस वार्ड की राजनीति की बात करें तो युवाओं ने राजनीतिक समीकरणों को मध्यनजर रखते हुए लाल टमाटर ताजा है, छींपा पलदार भाई-भाई के नारे लगाए। जिससे राजनीतिक वातावरण काफी चरम पर नजर आया। वहीं विधायक मनोज मेघवाल ने उपस्थित सैंकड़ों लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में गरीब, दलित और शोषित की आवाज को बल देने का काम कांग्रेस कर रही है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस को वोट कर दोनों प्रत्याशियों वार्ड 11 में इदरीश गौरी, वार्ड 12 में कामरान भाई को विजयी बनायें और करते वक्त केवल हाथ के निशान को ही ध्यान में रखें। निवर्तमान सभापति प्रतिनिधि इदरीश गौरी ने कहा कि सुजानगढ़ की सेवा की करने की ताकत आप लोगों ने ही मुझे दी है। और आगे भी आप आशीर्वाद देंगे, यह मुझे विश्वास है।

उन्होने कहा कि आज देश युवाओं की ताकत से चल रहा है और युवा भाईचारे, शांति के साथ चुनाव में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 25 पार्षद जीतकर आएगी और पहले से ही कांग्रेस समर्थित काफी निर्दलीय भी मैदान में हैं, जिनके सहयोग से कांग्रेस फिर से सभापति बनाने का काम करेगी। निवर्तमान सभापति निलोफर गौरी ने कहा कि ऐतिहासिक विकास कार्य पिछले दस सालों में कांग्रेस के बोर्ड द्वारा किए गए हैं और आगे भी जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। पूर्व सभापति सिकंदर अली खिलजी, कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में आवेश राव, आसिफ जिनवा, मुमताज खुडीका, सफी खिलजी, आजाद गौरी, हाजी गनी राव, निवर्तमान सभापति नीलोफर गौरी, हंसराज गौरी, फारुख गौरी, जावेद गौरी आदि मंचस्थ रहे। वार्ड 11 में नामांकन वापस लेने वाले आजाद गौरी का भी स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों में जोश देखने को मिला और नारेबाजी काफी देर तक की गई। इस अवसर पर रेखाराम, सलीम गौरी, सलीम गोपालपुरिया सहित बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे। चुनावी सभा में महिलाओं की मौजूदगी भी आश्चर्यजनक रही। इसी प्रकार वार्ड 20 के कांग्रेस प्रत्याशी हाजी मोहम्मद रफीक खींची के चुनावी कार्यालय का जलेबीशाह चौक के पास सैयद नूर जमा, फारूक खींची, इस्लाम खींची, हाजी युनुस दइया, असलम दईया डीजे वाले, हसन बडगुजर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रत्याशी हाजी मोहम्मद रफीक खीची ने अधिक से अधिक कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील वार्डवासियों से की। इस दौरान वार्ड के अनेक लोग मौजूद रहे।

स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक सम्मान समारोह

निसं

नीमकाथाना (नवयत्न)। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर कस्बे की सेम स्कूल परिसर में भव्य भावपूर्ण एवं गरिमामय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति असीम श्रद्धा और आदर प्रकट करते हुए एक स्मरणीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह का शुभारंभ शिक्षकों के आगमन पर भारतीय संस्कृति के अनुसार रोली-अक्षत का तिलक लगाकर और उन पर पुष्प वर्षा करके किया गया। विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ अपने गुरुओं का स्वागत कर माहौल को भक्तिमय और उत्साही बना दिया। इसके पश्चात, विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक शिक्षक को उनकी विशिष्ट कार्यशैली और व्यक्तित्व पर आधारित आकर्षक टाइटल ग्रीटिंग कार्ड तथा विशेष सम्मान चिह्न भेंट किए गए। काड्र्स पर लिखे भावपूर्ण संदेशों ने शिक्षकों का मन मोह लिया। पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों को पौधे भी भेंट किए। विद्यार्थियों का मानना था कि जिस प्रकार गुरु अपने ज्ञान से शिष्य के जीवन को संवारते हैं, उसी प्रकार पौधे प्रकृति को नया जीवन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु महिमा पर आधारित प्रेरक भाषण, कविताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के इस अभूतपूर्व सम्मान, आत्मीयता और पर्यावरण-अनुकूल सोच की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

विनायक वाटिका में जन्माष्टी महोत्सव का आयोजन

सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। चन्दपुरा रोड़ स्थित विनायक वाटिका आवासीय कॉलोनी में शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टी के अवसर पर बालाजी मन्दिर प्रांगण में जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। विनायक वाटिका विकास समिति के मीडिया प्रभारी मुकेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाजी मन्दिर प्रागंण को फूलों एवं लाईटों से सजाकर कॉलोनीवासियों द्वारा कृष्ण का जन्मोत्सव भजन-कीर्तन के साथ सामूहिक रूप से बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। पंडित महेश शर्मा द्वारा पूजा अर्चना की गई तथा महोत्सव में कॉलोनी की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा बेहतरीन नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर विनायक वाटिका विकास समिति के सचिव मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुखदेव ढ़ाका, सह सचिव मूल चन्द, शिवराज सिंह, गोविन्द कविया, राजेश बुरड़क, राकेश बोराण, बसन्त भास्कर, महावीर सिंह सहित काफी संख्या में महिलाऐं, बच्चें एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी को प्रसाद एवं पंचामृत दिया गया।

आदर्श विद्या मंदिर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

निसं

तारानगर (नवयत्न)। पडरेऊ टिब्बा गांव के ठाकुर जी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रात्रि में जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, मंदिर परिसर नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मेघराज मोगा, बलबीर कस्वा, कुंदन मल, बाबल, मेजर रामकुमार कस्वा, बलबीर दनेवा, कुलदीप सोनी, विकास टाक, जयपाल, रोहितास, राजू, पूर्णाराम सरावग, जैतराम जांगिड़, विजय सिंह, रामनिवास एवं विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बनेचंद सरावगी उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, तारानगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सबका मन मोह लिया। विद्यालय प्रांगण को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं का बैनर आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रबंध समिति सदस्य विकास कुमार चाचाण, पवन शर्मा, प्रभु प्रजापत, दयानंद स्वामी, श्रवण सरावगी, प्रधानाचार्य नारायण गुर्जर, संजय सारस्वत, राकेश शर्मा, सुनीता दनेवा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को श्री कृष्ण के जीवन आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में 7 वर्ष तक के बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

राधा कृष्ण व लक्ष्मी नाथ मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

निसं

तारानगर (नवयत्न)। राधा कृष्ण सात मूर्ति मंदिर में भी कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिर में राधाकृष्ण दरबार को विशेष सुगंधित फूलों से सजाया गया। वृंदावन एवं सिरसा के कलाकारों ने राधाकृष्ण की विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की व नृत्य नाटिका का मंचन कर दर्शकों को भाव-विभोर किया। कृष्ण जन्म पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की व राधे-राधे के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। इस अवसर पर पुजारी पवन शर्मा, खेमचंद सगतानी, हजारीमल धीरवासिया, पुरुषोत्तम सगतानी, महेंद्र सरावगी की भगवानदास सेन, शिवशंकर सगतानी, गोविंद सरावगी, अमित सगतानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं तथा लोग मौजूद थे। संचालन ओम सरावगी ने किया। नगर सेठ श्री लक्ष्मीनाथ जी मन्दिर में रात्रि को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष सजावट की गई व मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न बाल लीलाओं व कंश वध की आकर्षक झांकियां सजाई गई जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। कृष्ण जन्म पर पुजारी रामलाल भोजक ने बधाई बांटते हुए लोगों को प्रसाद वितरित किया। रात्रि को मंदिर के आगे गढ़ चौक में जन्माष्टमी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अमित मित्तल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अनिल आर्ट ग्रुप हांसी के कलाकारों ने नृत्य व भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी जिसे देखकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम में पुजारी रामलाल भोजक, सुनील भोजक अक्षय हंसावत, अनिल भोजक, अभिषेक भांभु, हितेश मरदा, राजेन्द्र वर्मा, राजा भाटी, संजय सैन, चांद रतन सरावगी, वासुदेव शर्मा, गजानन जांगिड़, देवकीनंदन सैनी, संदीप राठौड़ आदि अनेक लोग मौजूद थे।

प्रत्याशियों के कार्यालयों में सुबह से देर रात तक लोगों की चहल-पहल

निसं

तारानगर (नवयत्न)। ज्यों-ज्यों नगर पालिका चुनाव के मतदान के तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां तेज होती जा रही है। हर तरफ लोग चुनावी चर्चा करते नजर आ रहे है। प्रत्याशियों के कार्यालयों में सुबह से देर रात तक लोगों की चहल-पहल है ।

वंही जीत की होड़ में माननीय भावी पार्षद, वोटरों के मान-मनुहार में कोई कसर नही छोड़ रहे है। तारानगर नगरपालिका चुनाव में 97 प्रत्याशी पार्षद पद की दौड़ में शामिल है। तारानगर नगरपालिका चुनाव में 125 प्रत्याशियों ने 125 नामांकन दाखिल किए थे। ल नामांकन वापसी के दिन 23 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस ले लिए जिस कारण अब चुनाव मैदान में 97 प्रत्याशी शेष रह गए हैं। 5 प्रत्याशियों ने पार्टी सिंबल व निर्दलीय के रूप में पर्चा भरा था उनके दोनों नामांकन एक नामांकन में मर्ज हो गए। नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों में सभी प्रत्याशियों ने निर्दलीय के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया था। नामांकन वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद तस्वीर साफ होने के बाद प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत भी झोंक दी है। प्रत्याशियों के कार्यालयों में सुबह से देर रात तक लोगों की चहल-पहल नजर री है। कार्यालयों में बैठे लोग चुनावी गणित बैठाते नजर आ रहे है वंही गली मोहल्लों व नुक्कड़ पर लोग चुनावी चर्चा में मशगूल दिखाई दे रहे है। प्रत्याशी व उनके समर्थक मतदाताओं के घर.घर जाकर उनसे समर्थन मांग रहे है। वंही वार्डों में खुले चुनावी कार्यालयों में भी मतदाताओं की मान-मनुहार में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। कार्यालयों में आने वाले लोगों के लिए पूरे दिन चायए पकोड़ी, मिठाई आदि की व्यवस्था चल रही है। वोटरों को लुभाने के लिए वार्डों में रात्रि को खूब शराब परोसने की भी चर्चा शहर में जोरों पर है।

बागडी महाविद्यालय में नशा मुक्त राजस्थान संकल्प माह के अंतर्गत स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

निसं

नोखा (नवयत्न)। मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में राज्य सरकार द्वारा आयोजित नशा मुक्त राजस्थान संकल्प माह के अंतर्गत महाविद्यालय में स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के विरुद्ध जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने स्लोगन एवं पोस्टरों के माध्यम से नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया तथा विद्यार्थियों ने रचनात्मक संदेशों के माध्यम से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि युवा शक्ति राष्ट्र की महत्वपूर्ण पूंजी है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से बचाने के लिए परिवार, शैक्षणिक संस्थानों एवं समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। नई किरण नशा मुक्त प्रभारी सहीराम बिश्नोई ने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्लोगन एवं पोस्टर प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रामकिसन चौधरी, मनश्वेता राठौड़ एवं महेन्द्र सिंह ने निभाई। पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी गोयल ने प्रथम स्थान, पायल जावा ने द्वितीय स्थान एवं महक राठौड़ ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में भूमि गोयल ने प्रथम स्थान, संदीप कुमार सारस्वत ने द्वितीय स्थान एवं लक्ष्मणराम बागुड़ा ने तृत्तीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य ने सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई।

हवन-पूर्णाहुति के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

निसं

बुगाला (नवयत्न)। मुख्य बाजार में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को हवन-पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। कथावाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री के सानिध्य में पंडित ललित शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से हवन एवं पूजन संपन्न करवाया। हवन में मुख्य यजमान मन्नालाल शर्मा, मुरलीधर गुप्ता, राजू शर्मा, रामावतार स्वामी और मनोहर सिंह शेखावत सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सपत्नीक आहुति दी। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

हवन के बाद श्रीमद्भागवत ग्रंथ और व्यासपीठ का पूजन किया गया। कथा के समापन पर आयोजक समिति की ओर से कथावाचक पंडित राजेंद्र शास्त्री का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। सात दिनों तक चली कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और धार्मिक आयोजनों में उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 205 मरीजों का निःशुल्क उपचार

निसं

झुंझुनूं (नवयत्न)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र, झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में छावनी बाजार स्थित आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय परिसर में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार के आर्थिक सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने 205 मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया तथा नि:शुल्क होम्योपैथिक दवाइयां वितरित कीं। विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों ने शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श लिया। कार्यक्रम में रामाकांत हलवाई, रमेश कुमार अग्रवाल, डॉ. एसएन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, आरती मुंड, सुधा पूनिया, शालिनी अग्रवाल, महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, डॉ. मूलसिंह, सहायक प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, चंद्र प्रकाश जालान, पवन कुमार खेतान, महेश कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि ऐसे सेवा कार्यों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। शिविर में उपचार एवं दवा प्राप्त करने वाले मरीजों और उनके परिजनों ने आयोजकों का आभार जताया।

बुहाना में गोगाजी मेला और कुश्ती दंगल, 21 हजार की कुश्ती में सूबेदार विक्रम खेरोली विजेता

मधु दहिया

बुहाना (नवयत्न)। श्री जाहरवीर गोगाजी मेडी धाम, रामसर खेल मैदान में शनिवार को गोगाजी मेले के साथ पारंपरिक कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। दंगल की कुश्तियां पूर्व प्रधान राजपाल सिंह तंवर की ओर से करवाई गईं। दंगल में 100 रुपए से लेकर 21 हजार रुपए तक की कुश्तियां हुईं। बड़ी कुश्ती सूबेदार विक्रम खेरोली और कुलदीप बागोट के बीच हुई, जिसमें सूबेदार विक्रम खेरोली ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। गोगाजी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण पहुंचे। कुश्ती दंगल देखने के लिए भी लोगों की भीड़ रही। पहलवानों ने अलग-अलग मुकाबलों में अपना दमखम दिखाया। मुख्य मुकाबले को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह रहा। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राजपाल सिंह तंवर, रतन सिंह तंवर, दशरथ सिंह, रहीश खान, भारत बोहरा, रोहिताश सिंह और नरेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

भाजपा बोली- महिला प्रतिनिधित्व पर कांग्रेस की कथनी-करनी अलग

4 राज्यों में सरकार लेकिन सिर्फ 3 महिला मंत्री, हिमाचल-कर्नाटक में महिलाओं को एक पद भी नहीं

नई दिल्ली. तेलंगाना में वन मंत्री कोंडा सुरेखा को मंत्रिमंडल से हटाए जाने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक तरफ महिलाओं को राजनीति में प्रतिनिधित्व देने की बात करती है, लेकिन दूसरी तरफ उसके ही शासन वाले राज्यों में महिला मंत्रियों की संख्या न के बराबर है।

त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस की चार राज्यों में सरकार है। लेकिन सिर्फ 3 मंत्री पद पर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा- हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में एक भी महिला मंत्री नहीं है।

टैगोर ग्रूप ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों का किया सम्मान

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। टैगोर ग्रूप ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का मन मोह लिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के योगदान को याद करते हुए उनके मार्गदर्शन को जीवन में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक संतोष अहलावत, फाउंडर चेयरपर्सन सुरेंद्र अहलावत, डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत, प्रधानाचार्य आनंद शर्मा सहित रणधीर काजला, गजानंद शर्मा, राधेश्याम स्वामी और अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्य आनंद शर्मा ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का संबंध समाज और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षकों का सम्मान करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समारोह के अंत में शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने शिक्षक-विद्यार्थी संबंध की गरिमा और शिक्षकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया।

शिक्षकों को बताया व्यक्तित्व निर्माण का आधार-संस्थापक संतोष अहलावत और चेयरपर्सन सुरेंद्र अहलावत ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक का मार्गदर्शन विद्यार्थी के जीवन में लंबे समय तक प्रभाव डालता है।

भाजपा का संकल्प पत्र, निकाय मजबूत करने पर जोर

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि मजबूत निकायों से ही शहरों का बेहतर विकास संभव है। वे शुक्रवार को मुनि अतिथि भवन में भाजपा की प्रेस वार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने 'सशक्त शहर, समृद्ध राजस्थान' के तहत नगरीय विकास संकल्प पत्र जारी किया है। उन्होंने बताया कि संकल्प पत्र में अगले पांच साल में एक लाख आवासीय प्लॉट, सात लाख से अधिक रसोई गैस कनेक्शन, 15 लाख स्ट्रीट लाइट, पिंक टॉयलेट, वेंडिंग जोन, पार्किंग, आधुनिक सीवरेज, सीसीटीवी कैमरे और निराश्रित पशुओं के लिए शेल्टर होम जैसी योजनाएं शामिल हैं। छोटे व्यापारियों के लिए लाइसेंस प्रक्रिया भी सरल करने का प्रस्ताव है। कुलहरी ने दावा किया कि आगामी चुनाव में झुंझुनूं जिले के सभी 19 निकायों में भाजपा बहुमत से बोर्ड बनाएगी। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने की।

मीणों की ढाणी में लड्डू गोपाल का मनाया जन्मदीन

बुगाला (नवयत्न)।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मीणों की ढाणी तन सौंथली में श्रद्धा और उल्लास के साथ लड्डू गोपाल का विशेष पूजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने घर पर ही सुंदर झांकी सजाई। फूलों और रंग-बिरंगी चादरों से सजे आसन पर विराजमान बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक किया गया। महिलाओं ने अपनी गोद में लड्डू गोपाल की प्रतिमा को बैठाकर विधि-विधान से श्रृंगार किया गया है। थाली में पंचामृत, लड्डू और गेंदे के फूलों की माला सजाई।भजन कीर्तन कर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

शिक्षक दिवस पर आदर्श शिक्षक बनने का संकल्प

झुंझुनूं (नवयत्न)। सेठ मोतीलाल टीचर्स एजुकेशन कॉलेज में शनिवार को शिक्षक दिवस और सामाजिक परोपकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि संस्था सचिव जीएल शर्मा थे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों ने आदर्श शिक्षक बनने का संकल्प लिया। संस्था सचिव शर्मा ने जातिवाद और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से समाज को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने विकसित भारत अभियान के तहत देश में बने सामान को प्राथमिकता देने की अपील की। वरिष्ठ प्रवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने आभार जताया। इस दौरान नरेश धीवा, डॉ. सुषमा शर्मा, इन्द्र कुमार शर्मा और धर्मवीर योगी सहित स्टाफ मौजूद रहा।

वैन तालाब में गिरी,बेटा-बेटी और मां समेत 4 की मौत

5 गंभीर हालत में रेफर; सड़क पर भरे पानी के कारण बेकाबू हुई कार

धौलपुर।

धौलपुर जिले में सड़क पर भरे पानी के कारण तेज रफ्तार ईको वैन बेकाबू होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 3 बच्चों समेत 4 लोगों मौत हो गई। 5 लोग घायल हो गए, जिनको जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसे में मरने वालों में बेटा-बेटी और मां शामिल है। वैन में सवार लोग मध्यप्रदेश और धौलपुर के रहने वाले हैं और आपस में रिश्तेदार हैं। वे फूलपुर में जहारवीर मंदिर जा रहे थे। हादसा मनियां थाना क्षेत्र में हुआ।

एएसआई लाखन सिंह ने बताया- दोपहर करीब 1 बजे ईको वैन तालाब में गिर गई। वैन में 11 लोग सवार थे। हादसे में सपना (32) पत्नी शैलेश निवासी तसीमो (धौलपुर), उसके बेटे हर्षित (1) और बेटी प्राची (3), दिव्यांश (3) पुत्र पुष्पेंद्र निवासी मुरैना (मध्य प्रदेश) की मौत हो गई।

वहीं, 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको मनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद धौलपुर अस्पताल रेफर कर दिया। 2 को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों से जानकारी जुटाई।

गांव वालों ने वैन में फंसे लोगों को बाहर निकाला

एएसआई ने बताया- वैन के तालाब में गिरने पर अंदर बच्चों और महिलाओं ने शोर मचाया तो आवाज सुनकर गांव वाले मौके पर पहुंचे और बिना देर किए बचाव काम शुरू किया। काफी कोशिश के बाद वैन में फंसे बच्चों और महिलाओं को बाहर निकाला जा सका।

बताया जा रहा है कि लगातार बारिश के कारण इलाके की सड़कों पर पानी भर गया है। इसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। सड़क पर भरे पानी के कारण तेज रफ्तार वैन बेकाबू हो गई और तालाब में गिर गई।

निष्ठावान शिक्षक अग्रणी पंक्ति के राष्ट्र निर्माता : राष्ट्रपति मुर्मु

नई दिल्ली. शिक्षक दिवस के मौके पर शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 48 शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेता शिक्षकों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि निष्ठावान शिक्षक अग्रणी पंक्ति के राष्ट्र निर्माता होते हैं। राष्ट्रपति ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाकर हमारे देशवासी उनके और समस्त शिक्षक समुदाय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं। जो समाज शिक्षकों का सम्मान करता है, वह वास्तव में प्रगतिशील होता है। राष्ट्रपति ने कहा, शिक्षकों के बीच आकर मेरे अंदर विद्यमान शिक्षक और विद्यार्थी जीवंत हो जाता है। मुझे अपने शिक्षकों का स्मरण होता है। शिक्षकों के स्नेह और मार्गदर्शन की वजह से अपनी जीवन यात्रा में आगे आ पाई हूं।

नेपाल बाढ़ 11वें दिन 2 लोग जिंदा मिले

740 फीट लंबी सुरंग से चीनी नागरिक रेस्क्यू, 64 साल की महिला घर के मलबे में मिली

काठमांडू/नई दिल्ली।

नेपाल में भीषण बाढ़ के 10 दिन बाद भी हजारों लापता लोगों की तलाश जारी है। इसी बीच शनिवार को राहत और बचाव दलों ने अलग-अलग अभियानों में एक चीनी नागरिक और एक नेपाली महिला को जिंदा बचा लिया।

नुवाकोट में 64 साल की महिला का रेस्क्यू किया गया। उनके घर का निचला हिस्सा मोटी कीचड़ की परत में पूरी तरह दब गया था और वह उसी में फंस गई थीं। उन्हें इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर काठमांडू ले जाया गया है।

वहीं, नेपाली सेना और दक्षिण कोरिया की रेस्क्यू टीम ने त्रिशूली-1 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की एक सुरंग से चीनी व्यक्ति को बाहर निकाला। वह करीब 225 मीटर (740 फीट) लंबी सुरंग के अंदर था। बचाव के बाद उसकी स्वास्थ्य जांच की जा रही है। तस्वीरों में उसे सुरंग से बाहर निकालने के बाद हेलिकॉप्टर से ले जाते हुए देखा गया।

275 भारतीय अभी भी लापता

नेपाल-तिब्बत सीमा के पास 26 अगस्त को भूस्खलन के बाद बाढ़ आई थी। तब से राहत-बचाव कार्य जारी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार अब तक 169 भारतीयों को सुरक्षित निकाला है, जबकि 275 अब भी लापता हैं।

नेपाल में अब तक करीब 1344 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 हजार लोगों का रेस्क्यू किया गया है। फिलहाल 5300 से ज्यादा लोग लापता हैं। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, बाढ़ से 32,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।

केरलम में लॉरी से टकराई कार, 8 की मौत

त्रिशूर।

केरलम के त्रिशूर जिले में शुक्रवार देर रात एक कार हाईवे पर खड़ी लॉरी से टकरा गई। हादसे में कार सवार 8 इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, हादसा रात करीब 11:40 बजे कैपामंगलम के पनंबिकुन्नू में हुआ। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक तमिलनाडु के डिंडीगुल के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र थे। कार गुरुवायुर से कोडुंगल्लूर जा रही थी। इसी दौरान वह महाराष्ट्र नंबर की लॉरी के पीछे जा घुसी। हादसे में 6 छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 को अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित किया गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें फंसे छात्रों को निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा। स्थानीय लोगों, पुलिस और दमकल-बचाव दल ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शवों को बाहर निकाला। इसके बाद सभी शवों को त्रिशूर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में भेज दिया गया। डायवर्जन के पास खड़ी थी लॉरी

एफआईआर के मुताबिक, निर्माण कार्य के चलते हाईवे पर बैरिकेड लगाकर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था। इसके बावजूद लॉरी सड़क के दाईं ओर खड़ी थी। पुलिस के मुताबिक, कार तेज रफ्तार में थी और चालक डायवर्जन बैरिकेड को नहीं देख पाया।

शुरुआती जांच में पुलिस ने हादसे के लिए लॉरी चालक की गलती बताई है। त्रिशूर ग्रामीण पुलिस प्रमुख मोहम्मद नदीमुद्दीन ने कहा कि हाईवे पर इस जगह लॉरी खड़ी करना गलत था। हाईवे अधिकारियों और निर्माण कंपनी ने पर्याप्त संकेतक और चेतावनी बोर्ड लगाए थे या नहीं, इसकी भी जांच की जाएगी।

मृतकों में डिंडीगुल के 5 छात्र

पुलिस के मुताबिक, मृतकों में सूर्य, युवसंजित, जोशुआ, मुरली और जीवा डिंडीगुल के रहने वाले थे। संतोष और प्रसन्ना मदुरै के थे, जबकि विश्वा सलेम का रहने वाला था। पुलिस ने छात्रों के पास मिले पहचान पत्रों से उनके परिवारों से संपर्क किया। कुछ परिवारों को जानकारी नहीं थी कि उनके बच्चे केरल गए हैं।

पोस्टमार्टम त्रिशूर मेडिकल कॉलेज में किया गया। इसके बाद अस्पताल ने शवों को उनके गृह जिलों तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि संतोष ने हाल ही में एक कार खरीदी थी, लेकिन उसका रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं हुआ था। इसलिए छात्रों ने किराए की कार ली थी। उनका कोच्चि घूमने का प्लान था।

लॉरी चालक फरार, केस दर्ज

कैपामंगलम पुलिस ने लॉरी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने वाहन मालिक की पहचान कर ली है और चालक की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, इलाके में हाईवे पुलिस की गश्त के लिए टीम तैनात है, लेकिन लॉरी चालक अक्सर वाहन खड़ा कर वहां से चले जाते हैं। मामले की जांच कोडुंगल्लूर के डिप्टी एसपी को सौंपी गई है। पुलिस ने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की

जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा पर एफआईआर

नई दिल्ली. सीबीआई ने जी ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा सहित चार लोगों के खिलाफ 1,322 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई एनआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शिकायत पर की गई है। एनआईसी का आरोप है कि सुभाष चंद्रा ने फर्जी नेटवर्थ सर्टिफिकेट जमा करके अपनी कंपनियों के लिए लोन लिया। बाद में नेटवर्थ सर्टिफिकेट से मुकर गए। सीबीआई ने सुभाष चंद्रा के अलावा पंकज सुरोलिया, अमिश पांड्या और राजीव ढोलकिया पर केस दर्ज किया है। चारों पर 2018 से 2026 के बीच धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है।

सुभाष चंद्रा जी मीडिया के मालिक एस्सेल ग्रुप के हेड हैं और जी एंटरटेनमेंट के पूर्व चेयरमैन हैं।

14 साल से शिक्षा की लौ जला रहे डॉ. ब्रजेश, 2650 विद्यार्थियों को नि:शुल्क पढ़ाया

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शिक्षक दिवस के अवसर पर नावां के एमजीजीएस नंबर 12 में कार्यरत शिक्षक डॉ. ब्रजेश कंडेरा राजपूत की शिक्षा के क्षेत्र में सेवा और नवाचार चर्चा में हैं। पिछले 14 वर्षों से शिक्षण कार्य से जुड़े डॉ. ब्रजेश शिक्षा को नौकरी के बजाय सेवा का माध्यम मानते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रहे हैं। वे रोज करीब चार घंटे नि:शुल्क अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करते हैं। अब तक करीब 2650 विद्यार्थी इन कक्षाओं का लाभ उठा चुके हैं। इन कक्षाओं में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और स्पोकन इंग्लिश की पढ़ाई ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कराई जाती है। इसके अलावा विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तार्किक क्षमता विकसित करने के लिए क्राफ्टिंग, पेंटिंग, क्यूब सॉल्विंग और वैदिक मैथ्स जैसी गतिविधियां कराई जाती हैं। मिशन

सिक्सटी, हस्तनिर्मित नोट्स और नवीन शिक्षण तकनीकों के जरिए कठिन विषयों को सरल और रोचक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. ब्रजेश का मानना है, कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों को विषयों को वास्तविक जीवन से जोड़कर समझाने के साथ सवाल पूछने और स्वतंत्र रूप से विचार रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। विभिन्न व्यवसायों और कार्यक्षेत्रों से विद्यार्थियों का परिचय करवाकर उन्हें संबंधित कार्य की प्रकृति, चुनौतियों और संभावनाओं को समझने का अवसर भी दिया जाता है। सामाजिक सरोकारों को भी शिक्षा का हिस्सा बनाया गया है। बाल विवाह, लड़कियों की मासिक धर्म स्वच्छता, तंबाकू के दुष्प्रभाव और वंचित बच्चों के उत्थान जैसे विषयों पर जागरूकता गतिविधियां कराई जाती हैं। प्रार्थना सभा में प्रेरक प्रसंगए कविताएं और देशभक्ति गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने पर जोर दिया जाता है। डॉ. ब्रजेश ने सात विषयों में स्नातकोत्तर किया है। वे दो पुस्तकों का लेखन कर चुके हैं, और तीसरी पुस्तक प्रकाशन की ओर है। शिक्षा विभाग की ओर से प्रकाशित पुस्तक में उनका लेख भी शामिल हो चुका है। वे मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य कर चुके हैं। और राज्यस्तरीय प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुके हैं। विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए उनके मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रमों में अंग्रेजी नाटक भी प्रस्तुत किए गए हैं। इसी वर्ष राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी, एसडीएम और आईएएस अधिकारियों की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने अंग्रेजी नाटक प्रस्तुत किया। डॉ. ब्रजेश ने मैजिक के क्षेत्र में राष्ट्रीय और विश्वस्तरीय प्रमाणपत्र प्राप्त किए हैं। शिक्षा को रोचक बनाने के लिए वे जादू और रचनात्मक तकनीकों का प्रयोग करते हैं। उनकी उपलब्धियों में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के लिए नामांकन भी शामिल है। वे कविता और गजल लेखन में भी सक्रिय हैं। हाल ही में उनकी कविता मैं पुरुष आयोग बनाऊंगा के लिए पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतिया ने उन्हें सम्मानित किया। हिप्नोसिस के क्षेत्र में मास्टर ट्रेनर के रूप में भी वे जागरूकता सत्र आयोजित करते हैं और जरूरत पड़ने पर प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों से सहायता लेने के महत्व पर जोर देते हैं। डॉ. ब्रजेश का कहना है, कि शिक्षक का काम केवल पाठ्यक्रम पूरा कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के लिए तैयार करना है। ज्ञान के साथ आत्मविश्वास, रचनात्मकता, तार्किक सोच, अभिव्यक्ति की क्षमता और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करना ही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है।

ज्वेलरी शॉप से 20 लाख की अंगूठियों का बॉक्स लेकर भागी युवती

निसं

जयपुर (नवयत्न)। झोटवाड़ा थाना इलाके में ज्वेलरी शॉप से युवती के सोने की 25 अंगूठियों से भरा बॉक्स लेकर भागने का मामला सामने आया है। बॉक्स में करीब 20 लाख रुपए कीमत की अंगूठियां थीं। ज्वेलर और उसके कर्मचारी ने करीब 500 मीटर पीछा कर युवती को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। थानाधिकारी रायसल सिंह ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह करीब 11:45 बजे निवारू रोड स्थित लक्ष्मी नगर की भवानी ज्वेलर शॉप की है। ज्वेलर त्रिलोक चंद प्रजापत 37 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक युवती अंगूठी खरीदने के बहाने दुकान पर आई थी। उसने अंगूठियां दिखाने को कहा। इस पर उन्होंने 25 सोने की अंगूठियों का बॉक्स उसके सामने रख दिया। शिकायत के अनुसार युवती ने दो अंगूठियां पसंद आने की बात कही और उनकी कीमत पूछी। उसने अपने पिता को फोन कर ऑनलाइन भुगतान कराने की बात कही। इसी दौरान ज्वेलर दूसरे ग्राहक को आभूषण दिखाने लगा। मौका पाकर युवती अंगूठियों का बॉक्स उठाकर दुकान से बाहर भागने लगी। युवती को भागते देखकर त्रिलोक चंद और उनके कर्मचारी ने उसका पीछा किया और करीब 500 मीटर दूर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उससे अंगूठियों का बॉक्स वापस लेकर युवती को झोटवाड़ा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। ज्वेलर के मुताबिक, पकड़े जाने के बाद युवती ने कहा कि उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसे जेल जाना है। उसके पर्स की तलाशी लेने पर उसमें लाल मिर्च पाउडर और जलन वाला स्प्रे मिलने का भी दावा किया गया है। ज्वेलर ने बताया कि बॉक्स लेकर भागने से पहले युवती के मोबाइल पर एक कॉल आया था। कॉल काटकर मोबाइल जेब में रखने के बाद वह अंगूठियों का बॉक्स लेकर भागी। ज्वेलर के अनुसार युवती के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। लोगों को पीछा करते देखकर वह उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद युवती पकड़ में आ गई। ज्वेलर की ओर से शुक्रवार को झोटवाड़ा थाने में युवती के खिलाफ शिकायत दी गई है।

सुरक्षित नहीं वाई-फाई तो घर तक पहुंच सकता है साइबर अपराधी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। घर और दफ्तर में इस्तेमाल होने वाले वाई-फाई नेटवर्क की सुरक्षा को लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर अपराध शाखा ने आमजन को सतर्क किया है। पुलिस ने चेताया है कि वाई-फाई राउटर की सुरक्षा कमजोर होने पर अनजान उपकरण नेटवर्क से जुड़ सकते हैं और इसके जरिए आंकड़ों की चोरी, सेंधमारी, साइबर ठगी तथा निजी जानकारी के दुरुपयोग का खतरा बढ़ सकता है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर अपराध वीके सिंह ने बताया कि सबसे पहले राउटर का डिफॉल्ट प्रशासक पासवर्ड बदलना चाहिए। वाई-फाई पासवर्ड में बड़े-छोटे अक्षर, अंक और विशेष चिन्हों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। साथ ही नेटवर्क का नाम ऐसा रखने को कहा गया है, जिससे उपयोगकर्ता की पहचान या राउटर के ब्रांड की जानकारी आसानी से सामने न आए। नेटवर्क से कोई अनजान उपकरण जुड़ा होने का संदेह होने पर मोबाइल या लैपटॉप को वाई-फाई से जोड़कर राउटर के प्रशासक पृष्ठ पर प्रवेश किया जा सकता है। सामान्यत: 192.168.1.1 या 192.168.0.1 के जरिए राउटर की व्यवस्थाएं खोली जा सकती हैं। जुड़े उपकरण या उपकरण सूची में नेटवर्क से जुड़े उपकरणों की जानकारी देखी जा सकती है। अनजान उपकरण मिलने पर उसे नेटवर्क से हटाया जा सकता है। पुलिस ने राउटर में डब्ल्यूपी, 3 सुरक्षा प्रणाली इस्तेमाल करने की सलाह दी है। डब्ल्यूपी, 3 उपलब्ध नहीं होने पर डब्ल्यूपी, 2-एईएस का उपयोग किया जा सकता है। वहीं पुराने डब्ल्यूपी, और डब्ल्यूपी, प्रणाली का इस्तेमाल नहीं करने को कहा गया है। सुरक्षा के लिहाज से डब्ल्यूपी, और दूरस्थ प्रबंधन सुविधा भी बंद रखने की सलाह दी गई है। स्मार्ट टीवी और अन्य इंटरनेट से जुड़े उपकरणों को मुख्य नेटवर्क से अलग रखने के लिए अतिथि नेटवर्क का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे मुख्य वाई-फाई से जुड़े मोबाइल, लैपटॉप और अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों को अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है। राउटर के सॉफ्टवेयर को भी समय-समय पर अद्यतन करते रहने की सलाह दी गई है, ताकि नए सुरक्षा सुधार मिलते रहें। जरूरत के अनुसार भरोसेमंद उपकरणों के एमएसी पते को स्वीकृत सूची में रखने की सुविधा भी इस्तेमाल की जा सकती है। राजस्थान पुलिस ने कहा है कि वाई-फाई नेटवर्क से छेड़छाड़, सेंधमारी या साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस या साइबर पुलिस थाने को सूचना दें।

धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी पर्व

निसं

सूरजगढ़ (नवयत्न)। कस्बे के चिड़ावा रोड़ वार्ड नं 5 में बच्चों ने धूमधाम के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की मनमोहक झांकियां निकाली। इस अवसर पर प्रीति शर्मा, कुशल, तनवी, दिशा, भाविक, भव्यांश, कीर्तिका, भव्या, माही, शिवांश, पिहू और आसना ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट ने भेंट किया आर ओ महिला कक्ष के पुनर्निर्माण के लिए दी निर्माण सामग्री

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट द्वारा क्लब के भामाशाह सदस्यों द्वारा जेल में कार्यक्रम आयोजित कर आर ओ व निर्माण सामग्री दी गई। सब जेल में लायन डॉ पंकज शर्मा के आर्थिक सहयोग से बंदियों ओर आमजन के लिए आर ओ दिया गया। जेल अधीक्षक योगेंद्र सिंह की प्रेरणा से जेल में महिला बंदी वार्ड के पुनर्निर्माण के लिए लायन हर्ष यादव द्वारा निर्माण सामग्री दी गई। आज शनिवार को शिक्षक दिवस पर क्लब द्वारा शिक्षक रहे क्लब सदस्य ला मो अनवर कुरैशी व ला दौलत राम दायमा को दुप्पटा ओड़ा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मनोज जोशी, हर्ष यादव, डॉ पंकज शर्मा, डॉ हीरालाल सोनी, प्रदीप धर्ड भीमराज प्रजापत, संजय कटारिया उपस्थित रहे।

संत शिरोमणि खींवादास महाराज की 25 वीं बरसी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

निसं

लोसल (नवयत्न)। संत शिरोमणि खींवादास महाराज की 25 वीं बरसी सांगलिया धूणी में साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं की मौजूदगी में धूमधाम से मनाई गई। देश-प्रदेश से श्रद्धालुओं ने सांगलिया धूणी पहुंचकर धोक लगाई । दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में उमड़ा श्रद्धालुओं को सैलाब आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक समरसता, शिक्षा और सेवा का संदेश दिया । अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज ने कहा कि सांगलिया के संतों ने हमेशा राष्ट्र, धर्म व समाज की रक्षा के लिए सेवा परमो धर्म के संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना, शिक्षा, चिकित्सा, सेवा, समरसता के माध्यम से आम जन को जागृत कर सभी को सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहे हैं । सामाजिक चेतना के शिखर पुरुष बाबा खीवा दास महाराज की समाधि पूजन देश-प्रदेश के विभिन्न पंथ परंपराओं के सैकड़ो साधु-संतों के सानिध्य में किया गया। भजन संध्या में सांगलिया धूणी द्वारा आध्यात्म, सेवा, शिक्षा, गौसेवा, चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों पर एक शॉर्ट पिक्चर प्रकाशित की गई। कार्यक्रम में देश प्रदेश से आये साधु संतों जिसमें रैवासा धाम के जानकीनाथ मंदिर के अग्र पीठ के पीठाधीश्वर श्री राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज, महावीर जती महाराज गाडोदा धाम, भवानी नाथ महाराज बगड़, महंत ओमदास महाराज अडकसर, श्रवणदास सुतोद, केशवदास सुजानगढ, मेघदास बिठुडा, प्नरपत दास चावण्डिया, मूलदास नवलगढ़, जग्गूदास कुमास, प्रकाशदास मावा, भेरदास, कृष्णदास सहित साधू संत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए अनेको लोग मौजूद रहे। बाबा खींवादास स्नातकोत्तर महाविद्यालय सांगलिया के एनसीसी कैडेट्स एएनएसएस के छात्र छात्राओं व स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

भजन संध्या में राजस्थान के दर्जनों प्रसिद्ध कलाकारों के भजनों पर अल सुबह झूमे श्रोता

संत शिरोमणि बाबा खींवा दास महाराज की 25 वीं बरसी पर आयोजित भजन संध्या राजस्थान के सुप्रसिद दर्जनों के एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुतियां पर अल सुबह तल श्रोता झूमते रहे । भजन संध्या में केशव दास महाराज, राकेश चौहान, श्रवण दास महाराज, श्योजी राम सैनी, रामोतार-सुरेंद्र मारवाड़ी, अनिल नागौरी, दौलत गर्वा, जगदीश सांगलिया, कृष्ण दास महाराज, रमेश मोरडुंगा, विशाल दान कविया, ओम प्रकाश जाना, बाबूलाल चितावा सहित दर्जनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी।

हजारों पैदल यात्रियों के जत्थे से सांगलिया के चारों ओर की सड़कें रही जाम

बाबा खींवादास महाराज की 25 वीं पुण्यतिथि पर सीकर, डीडवाना, कुचामन, रावतसर हनुमानगढ़, नवलगढ़, झुझुनू, दातारामगढ़, खाटूश्यामजी, मावा सहित देश-प्रदेश से हजारों श्रद्धालु हाथों में ध्वज लहराते हुए पैदल जत्थे के रूप में सांगलिया धूणी पहुंच कर धोक लगाई।

बंधक बनाकर रखने से भड़के युवक ने साडू पर किया चाकू से हमला

निसं

जयपुर (नवयत्न)। करणी विहार थाना इलाके में 15 दिन से बंधक बनाकर रखे गए एक युवक ने मौका पाकर अपने साडू पर चाकू से हमला कर दिया। धारदार चाकू पेट में लगने से साडू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 2 सितंबर की है। एएसआई सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी गोकुलपुरा फाटक के पास का रहने वाला है। घायल के बयान के आधार पर उसके साडू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घायल ने पुलिस को बताया कि आरोपी को कथित तौर पर मानसिक बीमारी के दौरे पड़ते हैं, जिसके चलते परिवार के लोग उसके हाथ-पैर रस्सी से बांधकर रखते थे। रात में उसे एक दुकान में सुलाया जाता था। घायल के अनुसार 2 सितंबर की रात करीब तीन बजे आरोपी ने हाथ.पैर में बंधी रस्सी खोल ली और दुकान से बाहर निकल गया। बाद में शराब पीकर दोबारा दुकान में घुसने के दौरान शटर से टकराने पर आवाज हुई। आवाज सुनकर परिवार के लोग जाग गए और आरोपी को पकड़ने के लिए दुकान की ओर गए। परिवार के पीछे आने पर आरोपी करीब 50 मीटर दूर चला गया और कथित तौर पर कहा, श्तुम मुझे बांधकर रखते होए खाना भी नहीं देते। मेरा दम घुटता है। दोबारा बांधोगे तो चाकू मार दूंगा। साडू ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने धारदार चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया। घायल लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। परिजन उसे गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल लेकर पहुंचे। परिवार का कहना है कि आरोपी पिछले काफी समय से मानसिक रूप से परेशान है और उसे दौरा पड़ने पर हाथ-पैर बांधकर रखा जाता था। परिजन के अनुसार करीब 15 दिन पहले उसे इलाज के लिए डीडवाना ले जाया गया था, जहां एक भोपा से उसका इलाज कराया जा रहा था। परिवार के दावे के अनुसार भोपा ने उसके शरीर में चार भूत होने की बात कही थी और दो के निकल जाने तथा दो के बाकी होने की बात कही थी। पुलिस अब घटना के कारणों और आरोपी की स्थिति को लेकर जांच कर रही है।

जवाहर कला केंद्र में 13 सितंबर को सजेगी संगीतमय संध्या मरुधरा के मोती

निसं

जयपुर (नवयत्न)। गुलाबी नगरी जयपुर स्थित प्रतिष्ठित जवाहर कला केंद्र 13 सितंबर को एक शाम राजस्थानी सुरों और बेहतरीन नगमों के नाम होने जा रही है। पुष्प वीर संगीत संस्थान की ओर से भव्य संगीतमय संध्या मरुधरा के मोती का विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगीत जगत की नामचीन हस्तियां अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगी। संगीत संस्थान के अध्यक्ष राज खजांची ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस सांस्कृतिक संध्या में जयपुर की सुप्रसिद्ध गायिका तृप्ति भगत अपने सुमधुर भजनों और गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। इसके साथ ही बीकानेर से पधार रहे अनेक प्रतिष्ठित गायक कलाकार भी मंच पर सुरों का जादू बिखेरेंगे। राजीव मित्तल, पूनम मोदी और जवाहर जोशी, सुरेश मदान, डॉ. हिमांशु दाधीच और डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी, कुमार महेश, राजेंद्र पडहिार, विशाल आचार्य एवं नीरज स्वामी प्रस्तुतियां देगे। संगीत और संस्कृति के इस संगम में कई प्रतिष्ठित हस्तियां बतौर अतिथि शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में बीकानेर के मोहम्मद तारीक, मुकेश भाटिया, धर्मेंद्र सिंह बीका, नासिर अली और प्रसिद्ध शायर कासिम बीकानेरी विशेष रूप से उपस्थित रहकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करेंगे। कला एवं संगीत प्रेमियों के लिए यह संध्या अत्यंत यादगार साबित होगी।

श्रमिकों की समस्याओं को लेकर एच आर को ज्ञापन सौंपा

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। एग्रीबॉयोटेक फैक्ट्री लिमिटेड अजीतगढ के श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर फैक्ट्री के एच आर को सुरेन्द्र खटाना के नेतृत्व में श्रमिकों ने ज्ञापन सौंपा जिसमें देवेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, मदनलाल, सम्पतसिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवपाल गुप्ता सहित अनेक श्रमिक साथियों ने भाग लिया।

हौसले और मेहनत से पाई मंजिल : जयपुर की बेटी वैष्णवी बनी सेना में लेफ्टिनेंट

निसं

जयपुर (नवयत्न)। कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के दम पर जयपुर की 22 वर्षीय वैष्णवी एम. सक्सेना ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर शहर का मान बढ़ाया है। वैष्णवी ने सर्विस सेलेक्शन बोर्ड एसएसबी की मेरिट में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद उन्होंने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें दो बार कमांडेंट प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बचपन से ही भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा करने का सपना देखने वाली वैष्णवी ने इसे कड़ी मेहनत और

दृढ़ संकल्प से साकार किया। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल से पूरी की। इसके बाद राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री विशेष योग्यता के साथ प्रथम श्रेणी में हासिल की। उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई भी की है। वैष्णवी एनसीसी की सक्रिय कैडेट रही हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज भी हैं और शूटिंग में एनसीसी राजस्थान निदेशालय का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उन्हें एनसीसी बेस्ट कैडेट का सम्मान भी मिल चुका है। सेना में अधिकारी बनने के लिए उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ खेल और एनसीसी अनुभव ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैष्णवी ने बताया कि उन्हें सेना में जाने की प्रेरणा अपने पिता मनीष सक्सेना से मिली। मनीष सक्सेना पर्यावरणविद् एवं वन्यजीव विशेषज्ञ हैं। और वर्तमान में राज्य जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य हैं। उनकी माता नम्रता सक्सेना वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन में उप निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। परिवार में सैन्य सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए वैष्णवी के भाई चैतन्य एम. सक्सेना भी सैन्य सेवा में जाने के लिए संकल्पित हैं। दोनों भाई-बहन का लक्ष्य भारतीय सेना की वर्दी पहनकर देश सेवा करना है। वैष्णवी की उपलब्धि पर महारानी गायत्री देवी स्कूल की निर्देशक अर्चना एस. मनकोटिया, दीपशिखा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के वाइस चेयरमैन डॉ. अंशु सुराणा तथा आरसीईआरटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी आराध्य देवी और दादा-दादी के आशीर्वाद को दिया। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

मास्टर चाबी से बाइक चोरी करने वाला शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। खोराबीसल थाना पुलिस ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी मास्टर चाबी से सूनी जगहों पर खड़े वाहनों को निशाना बनाता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि खोराबीसल थाना पुलिस ने घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने के मामले में कुशाल यादव 23 निवासी विद्याधर नगर हाल शिप्रापथ को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे और मौज-शौक के खर्च पूरे करने के लिए मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर वाहन चोरी करता था। उसके खिलाफ विद्याधर नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला भी दर्ज है।

गोगा मेड़ी मेले में भारी भीड़ उमड़ी

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ रामचंद्र पार्क के पीछे शहर की मुख्य धुर मेड़ी पर नगर की दर्जनों मेड़ियो के निशानों ने बड़े ही धूमधाम से मुख्य मेडी पर आकर धोक लगाई।

मेड़ीयो के भक्त अपने-अपने समूह में ढोल, थाली बजाते, नाचते गाते और गोगाजी के जयकारे लगाते हुए मुख्य मेड़ी पहुंचे । मुख्य मेडी पर सुबह से ही धर्म श्रद्धालुओं ने गोगाजी के खीर, चूरमा, नारियल चढ़ाकर खुशहाली की मनौती मांगी।

शाम होते होते गोगा मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी । मेले में गोगा मेला कमेटी के सदस्य व नगरपालिका, पुलिस प्रशासन की अच्छी व्यवस्था रही।

मेले प्रांगण में लक्ष्मीनारायण पुरोहित चल इकाई की ओर से लगातार 31 वें वर्ष भी गोगा भक्तों को पेयजल पिलाया व भक्तों का सम्मान किया।

निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में बूथ से मीडिया रणनीति तक मंथन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा जयपुर शहर जिला कार्यालय में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती, वार्ड एवं बूथ स्तर के प्रबंधन, जनसंपर्क और मीडिया-सोशल मीडिया रणनीति को लेकर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने कहा कि भाजपा सामाजिक सरोकार और राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ कार्य करने वाला राजनीतिक दल है। निकाय चुनाव में सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जनता तक पहुंचाना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना लक्ष्य है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की अपनी विशिष्ट कार्यपद्धति है। पूर्व योजना और पूर्ण योजना, हर कार्यकर्ता को काम और हर काम के लिए कार्यकर्ता के सिद्धांत पर संगठन सभी की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्य को परिणाम तक पहुंचाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपनी भूमिका और जिम्मेदारी को समझकर उसका प्रभावी ढंग से निर्वहन करने का आह्वान किया। संतोष ने कहा कि संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के समर्पण के बल पर राजस्थान के शहरों में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास की गति को आगे बढ़ाना है। बैठक में मीडिया, सोशल मीडिया और जमीनी जनसंपर्क के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा स्थानीय मुद्दों पर तथ्यात्मक एवं प्रभावी संवाद के लिए सुनियोजित रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बूथ प्रबंधन, व्यापक जनसंपर्क और मजबूत मीडिया एवं सोशल मीडिया रणनीति के साथ चुनावी मैदान में उतरने पर जोर दिया गया।

मस्कट से जयपुर पहुंचते ही पकड़ा गया भगोड़ा आरोपी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन जांच के दौरान शुक्रवार सुबह लुक-आउट सर्कुलर वाले एक आरोपी को पकड़ लिया गया। मस्कट से जयपुर पहुंचे आरोपी की पहचान दस्तावेजों की जांच के दौरान सिस्टम में आए अलर्ट से हुई। आरोपी पिछले करीब दो साल से फरार चल रहा था। एयरपोर्ट थानाधिकारी विनोद कुमार के अनुसार आरोपी सवाई माधोपुर के सुरवाल गांव निवासी शाहरुख 32 पुत्र मोहम्मद हुसैन है। वह शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे मस्कट से उड़ान के जरिए जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पहुंचा था। इमीग्रेशन काउंटर पर दस्तावेजों की जांच के दौरान सिस्टम में उसके खिलाफलुक-आउट सर्कुलर का अलर्ट आया। इसके बाद इमीग्रेशन अधिकारियों ने उसे हिरासत में लेकर सत्यापन किया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2024 में शाहरुख के खिलाफ सवाई माधोपुर महिला थाने में आपराधिक मामला दर्ज हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और विदेश चला गया था। आरोपी के फरार होने के चलते उसके खिलाफलुक-आउट सर्कुलर जारी किया गया था। इमीग्रेशन अधिकारियों ने प्रारंभिक पूछताछ और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद आरोपी को जयपुर एयरपोर्ट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद जयपुर पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उसे सवाई माधोपुर पुलिस टीम के हवाले कर दिया।

मोबाइल चोरी के बाद खाते से 1.21 लाख रुपए उड़ाए

निसं

जयपुर (नवयत्न)। बजाज नगर थाना इलाके में गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर मोबाइल चोरी होने के बाद बैंक खाते से 1.21 लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी रामधन मीणा ने बताया कि नांगलोसाद निवासी सतीश कुमार बैरवा का मोबाइल शुक्रवार दोपहर गांधी नगर रेलवे स्टेशन के बाहर चोरी हो गया। आरोप है, कि मोबाइल चोरी करने के बाद अज्ञात बदमाश ने उसका इस्तेमाल कर ऑनलाइन तरीके से बैंक खाते से 1,21,997 रुपए निकाल लिए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने बजाज नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार मोबाइल में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं से संबंधित जानकारी होने के कारण चोरी के बाद उसके दुरुपयोग की आशंका रहती है। पुलिस स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान के प्रयास कर रही है। जांच में पुलिस यह भी पता लगा रही है, कि चोरी किए गए मोबाइल के जरिए बैंक खाते से रकम किस माध्यम से निकाली गई और राशि किस खाते में स्थानांतरित हुई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

महिला से अभद्रता के मामले में रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। वैशाली नगर थाना क्षेत्र में महिला से अभद्र व्यवहार, मारपीट, मोबाइल फोन छीनने, रास्ता रोकने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने स्काई बीच रेस्टोरेंट के संचालक रीशु गोयल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां सिविल जज सेशन कोर्ट नंबर-14 आयुषी गोयल ने उसकी जमानत खारिज कर दी। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने 28 जुलाई 2026 की घटना को लेकर शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि रेस्टोरेंट संचालक ने अपनी कार भवन के ऐसे स्थान पर खड़ी कर रखी थी, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। कर्मचारियों ने कार हटाने का अनुरोध किया तो आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। बातचीत के दौरान अभद्र व्यवहार करने के साथ पीड़िता के स्टाफ का मोबाइल फोन भी छीनने और धमकाने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर पीड़िता के पति ने बीच-बचाव किया। इस दौरान आरोपी और उसके साथ मौजूद लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट कीए जिससे वे गिर गए और चोटें आईं। पीड़िता ने आरोपी पर उसके साथ अभद्रता करने और कपड़े फाड़ने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है। कि विवाद बढ़ने के बाद आरोपी ने रेस्टोरेंट का मुख्य द्वार बंद करवा दिया और उन्हें बाहर निकलने से रोकने का प्रयास किया। कई बार दरवाजा खोलने का अनुरोध करने के बावजूद रास्ता नहीं दिया गया। बाद में परिचित के मौके पर पहुंचने के बाद वह वहां से बाहर निकल सकीं। पीड़िता ने पुलिस से घटना के सीसीटीवी फटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग सहित अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित रखते हुए निष्पक्ष जांच और घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफकार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने 4 अगस्त 2026 को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। प्राथमिकी में शुरुआत में अज्ञात आरोपी का उल्लेख किया गया था। जांच अधिकारी पर्वत सिंह शेखावत को बनाया गया। जांच के बाद पुलिस ने रीशु गोयल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पीड़िता ने कहा कि घटना के बाद से वह और उनका परिवार मानसिक तनाव और भय में था। पुलिस कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है और उन्हें निष्पक्ष जांच की उम्मीद है। उन्होंने मामले में उपलब्ध सभी साक्ष्यों की गंभीरता से जांच करने और अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने पर उनके खिलाफभी कार्रवाई की मांग की।

पुजारियों को सम्मानित किया

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। रतनगढ़ के ग्राम कांगड के ठाकुर जी मंदिर पर जन्माष्टमी पर स्वामी जे डी एस फाउण्डेशन कांगड़ द्वारा पुजारियों को सम्मानित किया गया। संयोजक गोपाल स्वामी ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर ठाकुर जी परिसर में ठाकुर जी मंदिर के पुजारी रामचन्द्रदास ने सभी का तिलक किया। शिव मंदिर के बजरंग लाल सुथार, मीराबाई मंदिर के रामचन्द्र नाथ, हनुमान मंदिरों के चतुर्भुज एचरा, गोगामेडी के तुलछाराम, देवशरण, मनसाराम, रामदेव बाबा मंदिर के केशवराय, भामाशाह सांवरमल सारस्वत, मांगीलाल स्वामी, लोकसेवा भंवरलाल सुथार चम्पालाल सारस्वत, गौशाला के हनुमाननाथ को साफा व स्मृति चित्र भेंट किये। फाउण्डेशन के ऐसी सभी सेवाओं की सभी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण मोहन स्वामी ने किया। संरक्षक श्रवणकुमार स्वामी ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया। तत्पश्चात जन्माष्टमी पर्व का हजारों दीपकों से दीपमहायज्ञ किया।

डीजीपी शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिस अधिकारियों और सदस्यों से किया संवाद

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान को सुरक्षित बनाने और अपराधों की रोकथाम में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए पुलिस ने वाई-सीएलजी को और सक्रिय करने की तैयारी की है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों और वाई-सीएलजी सदस्यों से संवाद कर महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और नशे की रोकथाम को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि वाई-सीएलजी पुलिस और आमजन के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में काम कर सकती है। सदस्यों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पुलिस के साथ समन्वय करना चाहिए। पुलिस अधिकारियों को भी वाई-सीएलजी सदस्यों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उन्हें अपराध रोकथाम तथा जनसुरक्षा के कार्यों में भागीदार बनाने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने कहा कि वाई-सीएलजी सदस्यों को अपराध की आशंका वाली गतिविधियों और महत्वपूर्ण सूचनाओं को स्थानीय पुलिस तक गोपनीय रूप से पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे समय रहते कार्रवाई कर अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। बैठक में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया। वाई-सीएलजी सदस्यों के सहयोग से सुरक्षित वातावरण बनाने और महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए डीजीपी ने वाई-सीएलजी सदस्यों से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़ी सूचनाएं पुलिस तक पहुंचाने का आह्वान किया। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए भी वाई-सीएलजी सदस्यों को लोगों को जागरूक करने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने में भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। पुलिस और वाई-सीएलजी के बीच त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए थाना और जिला स्तर पर व्हाट्सऐप समूह बनाने के निर्देश दिए गए। इन समूहों के माध्यम से पुलिस की जनहितकारी सूचनाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। डीजीपी ने वाई-सीएलजी के माध्यम से मिली सूचनाओं पर हुई सफल पुलिस कार्रवाई को चिह्नित कर उसकी सफलता कहानी तैयार करने के निर्देश दिए। इन कहानियों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से आमजन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े और नागरिक अपराध रोकथाम में सहयोग के लिए प्रेरित हों। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में अब तक 73,184 वाई-सीएलजी सदस्य पुलिस से जुड़ चुके हैं। वाई-सीएलजी के कार्यों की प्रभावशीलता और अपराध रोकथाम में उनके योगदान की एक माह बाद समीक्षा की जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस लता मनोज कुमार और उपमहानिरीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप भी मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुतिया

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। जनपद में मेंहन्दीपुर बालाजी मंदिर, प्राचीन श्याम मंदिर, तालवाले श्याम मंदिर, महामंडलेश्वर शिवालय सहित जोशी कुआं पर स्थित श्रीनिवास जोशी परिवार के रघुनाथ मंदिर में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव रात्रि 12 बजे तक मनाया गया। इस अवसर पर भजन गायककार कपील मिरासी एण्ड पार्टी के भजनों की प्रस्तुति पर श्रोता थिरकने को मजबूर हो गए। इस अवसर पर भगवान कृष्ण, राम भक्त हनुमान व भगवान शिव की सजीव झांकी सजाई गई। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर पुजारी वेदप्रकाश ने विशेष आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर लिट्टू कल्पना कांत, हेमंत सारस्वत, पवन सेवदा, मनीष रिणवा, जौधराज बैल, विजय चोटिया, बनवारी लाल बील, जय कुमार शर्मा, अनूप जोशी, शंकरलाल गुरावा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे। व्यवस्थापक मनोज जोशी ने कृष्ण जन्मोत्सव पर बधाई देते हुए सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, श्री रघुनाथ मंदिर, शिवबाड़ी देवस्थान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव उत्साह से मनाया गया। मालियों के मंदिर में भगवान की झांकी भी सजाई गई। इस मौके पर पुजारी पवन इंदौरियाए कन्हैयालाल इंदौरिया, नथमल जोशी, श्यामसुंदर जोशी, परमेश्वर पारीक, पवन जोशी, शंकरलाल माली सहित शहर के सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना कर व भजनों को सुनकर आध्यात्मिक लाभ उठाया। इसी क्रम में लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के स्थानीय कार्यालय होली धोरा गोगामेडी प्रांगण में गत रात्रि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बालक-बालिकाओं ने राधा-कृष्ण एवं कन्हैया की सदी झांकियां आकर्षक का केंद्र रही।

इतिहास रचने वाले पहले भारतीय गायक बने रंजीत राजवाड़ा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। भारतीय गजल गायकी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाते हुए प्रसिद्ध गायक रंजीत राजवाड़ा ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वे प्रतिष्ठित लॉयड्स ऑफ लंदन की ऐतिहासिक ओल्ड लाइब्रेरी में प्रस्तुति देने वाले पहले भारतीय गायक बने हैं। दक्षिण एशियाई विरासत माह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय संगीत और गजलों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। लॉयड्स ऑफ लंदन जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के ऐतिहासिक मंच पर किसी भारतीय गायक द्वारा गजलों की प्रस्तुति को भारतीय संगीत और सांस्कृतिक विरासत के लिए खास उपलब्धि माना जा रहा है। इससे भारतीय गजल गायकी को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। रंजीत राजवाड़ा का यूके दौरा 14 दिनों का रहा। इस दौरान उन्होंने लंदन, चेल्म्सफोर्ड, ब्रिस्टल और बर्मिंघम सहित चार शहरों में सात संगीत कार्यक्रमों में प्रस्तुति दी। इन कार्यक्रमों में 1500 से अधिक संगीत प्रेमियों ने उनकी गजलों का आनंद लिया। दौरे के दौरान उनकी टीम ने करीब 2000 मील की यात्रा की। प्रिंस ऑफ गजल्स के नाम से पहचाने जाने वाले रंजीत राजवाड़ा का उद्देश्य भारतीय संगीत और संस्कृति को गजलों के माध्यम से दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाना है। उनका मानना है कि संगीत भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों को आपस में जोड़ने की क्षमता रखता है। राजवाड़ा ने अपनी इस उपलब्धि को भारत और भारतीय संगीत प्रेमियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यूके दौरा उनके लिए केवल संगीत कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि भारतीय गजलों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की यात्रा रहा। उन्होंने दौरे की सफलता के लिए आयोजकों, सहयोगियों, स्वयंसेवकों और दर्शकों का आभार जताया। इस अंतरराष्ट्रीय दौरे के प्रमोटर एवं प्रबंधक सिफत इवेंट्स के हंसदीप सिंह रहे।

उन्होंने यूके के विभिन्न शहरों में आयोजित कार्यक्रमों के समन्वय और आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चार शहर, सात कार्यक्रम और एक ऐतिहासिक प्रस्तुति के साथ रंजीत राजवाड़ा का यूके दौरा 2026 भारतीय गजल गायकी के लिए यादगार अध्याय बन गया।

शेखावाटी की 14 विरासत नगरी यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में : उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं भित्तिचित्रों से सजी हवेलियों को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया गया है।

इसके साथ ही इन विरासत स्थलों के भविष्य में विश्व धरोहर सूची में शामिल होने की राह खुली है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के अनुसार शेखावाटी के अलसीसर, बिसाऊ, चिड़ावा, चूरू, डूंडलोद, फतेहपुर, झुंझुनू, खेतड़ी, लक्ष्मणगढ़, मंडावा, महांसर, नवलगढ़, रामगढ़ और सीकर की ऐतिहासिक हवेलियों को टेंटेटिव लिस्ट में स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरासत भी विकास भी के संकल्प तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में राज्य सरकार राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन और उन्हें वैश्विक पहचान दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शेखावाटी की हवेलियां अपनी विशिष्ट भित्तिचित्र कलाए स्थापत्य शैली और सांस्कृतिक विरासत के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं। इनकी दीवारों पर बने जीवंत चित्र तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जीवन की समृद्ध झलक प्रस्तुत करते हैं। हवेलियों की कला और वास्तुशिल्प शेखावाटी को राजस्थान के प्रमुख विरासत पर्यटन क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान दिलाते हैं। टेंटेटिव लिस्ट में शामिल होने के बाद अब इन हवेलियों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की दिशा में आगे की प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञों के अनुसार इससे शेखावाटी में विरासत पर्यटन, स्थानीय रोजगार और संरक्षण गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है।

राजस्थान में फिल्म शूटिंग और पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान : हनु रोज

निसं

जयपुर (नवयत्न)। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक प्रकाश झा इन दिनों जयपुर में अपनी आगामी वेब सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं। इसी दौरान जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जिफ के फाउंडर डायरेक्टर हनु रोज ने उनसे शूटिंग स्थल पर मुलाकात की।

दोनों के बीच राजस्थान में फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने, स्थानीय प्रतिभाओं को अवसर देने और फिल्म पर्यटन को विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। प्रकाश झा गंगाजल, राजनीति और सत्याग्रह जैसी चर्चित फिल्मों के निर्देशन के साथ लोकप्रिय वेब सीरीज आश्रम के लिए भी जाने जाते हैं। उनकी वर्तमान वेब सीरीज की शूटिंग जयपुर के मानसरोवर, कुकस, मालवीय नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है। मुलाकात के दौरान हनु रोज ने राजस्थान की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक लोकेशन्स को फिल्म पर्यटन से जोड़ने की संभावनाओं पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में फिल्मों और वेब सीरीज की शूटिंग बढ़ने से स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को अवसर मिलने के साथ होटल, परिवहन और पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को भी लाभ मिलता है। हनु रोज ने कहा कि उनका उद्देश्य राजस्थान को फिल्म शूटिंग, फिल्म फेस्टिवल, फिल्म मार्केट और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा गतिविधियों के माध्यम से देश.दुनिया के फिल्म मानचित्र पर और मजबूत पहचान दिलाना है। राजस्थान की कला, संस्कृति, विरासत और विविध लोकेशन्स को सिनेमा से जोड़कर फिल्म पर्यटन की नई संभावनाएं विकसित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा, श्राजस्थान जितना हमारा है, उतना ही देश के हर फिल्मकार का भी है। फिल्म निर्माताओं को यहां शूटिंग के लिए बेहतर माहौल और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना प्रदेश के पर्यटन तथा रचनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190